# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 25 सितंबर 2024




# बुझ गया घर का आखिरी चिराग, पहले बेटी और अब बेटा चला गया, गांव में एक साथ निकली चार की अर्थी

हफीज खान ▶▶| राजनांदगांव

सोमवार दोपहर आसमान से टूटी बिजली ने मनगट्टा के फेरू साहू की दुनिया ही उजाड़ दी। एक बेटी का साथ पहले ही छूट गया था, अब बेटे के जाने से वह बे-औलाद हो गए हैं। इस हादसे का सदमा उनके दिलों-दिमाग पर गहरा असर किया है। फेरु के पुत्र पीयूष समेत असमय काल के गाल में समा गए चार छात्रों का एक ही गांव में अंतिम संस्कार हुआ। इन होनहारों के लिए गांव रो पड़ा। फेरू साहू गांव में ही ▶▶| शेष पेज 4 पर

### आकाशीय बिजली ने मनगट्टा को बेदम कर दिया


तेज बारिश के बीच कड़की बिजली, खंडहर में रुके आठ की मौत, इनमें छह स्कूली बच्चे

### छोटी उम्र में बेटी की हुई मौत

मनगट्टा निवासी फेरू साहू दो बच्चों के पिता थे। उनकी लड़की बेटे से बड़ी थी। वर्ष 2017 में लगभग 12-13 वर्ष की आयु में उनकी पुत्री की अचानक मौत हो गई। दुर्ग अस्पताल ले जाते हुए उनकी पुत्री ने रास्ते में दम तोड़ दिया था। वहीं अब 7 वर्ष बाद इस आसमानी आफत की वजह से बेटे का साथ भी छूट गया। जिससे फेरू साहू की दुनिया ही तबाह हो गई। वे मुक्तिधाम में लोगों से लिपटकर औलाद से खाली हुए घर की दुहाई देकर रो रहे थे। उनका पुत्र पीयूष साहू उनके बुढ़ापे की लाठी बनने वाला था, लेकिन उन्हें क्या पता था कि उसे बेटे की अर्थी को ही कंधा देना पड़ेगा।



**चार बच्चों का एक साथ अंतिम संस्कार**

आकाशीय बिजली के कहर से जान गंवाने वाले 35 वर्षीय चिमन देवांगन का अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम तिलई में, 35 वर्षीय अनिल कुमार साहू और 17 वर्षीय छात्र नितिन धनकर का अंतिम संस्कार जोरातराई में, छात्र रवि पटेल, पीयूष साहू, शरद साहू और शशिकांत साहू का अंतिम संस्कार मनगट्टा में और 50 वर्षीय परदेशी विश्वकर्मा का रवेली सुरगी में किया गया।


## खबर संक्षेप

### कश्मीर विस चुनाव के दूसरे चरण में आज मतदान



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के तहत दूसरे चरण में 26 सीटों के लिए बुधवार को मतदान होगा। इस दौरान करीब 25 लाख मतदाता 239 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, जम्मू-कश्मीर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा और भाजपा के वरिष्ठ नेता रवींद्र रैना प्रमुख हैं।

### आईआईएम अहमदाबाद से पीएचडी दाखिलों में आरक्षण



**अहमदाबाद।** भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद ने घोषणा की है कि वह सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार 2025 से पीएचडी दाखिलों में आरक्षण लागू करेगा। देश के प्रमुख बिजनेस स्कूल ने यह नहीं बताया है कि वह आरक्षण व्यवस्था कैसे लागू करेगा। जनहित याचिका के जवाब में गुजरात हाईकोर्ट को बताया था।

### तीन बांग्लादेशियों की घुसपैठ की कोशिश नाकाम



**गुवाहाटी।** सुरक्षाबलों ने तीन बांग्लादेशियों की असम के रास्ते भारत में घुसपैठ करने की कोशिश नाकाम कर दी है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी पोस्ट में बताया कि बीएसएफ और असम पुलिस ने सतर्कता दिखाई।

### एनआईए ने तमिलनाडु में की छापेमारी



**नई दिल्ली।** एनआईए ने अखिल-इस्लामी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर के खिलाफ अपनी जांच के सिलसिले में तमिलनाडु में कई स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए के अधिकारियों ने चेन्नई, तंबाराम और कन्याकुमारी जिलों में 11 संदिग्धों के आवास पर छापे मारे और डिजिटल उपकरण, बेहिसाब नकदी और हिज्ब-उत-तहरीर के साहित्य समेत आपत्तिजनक सामग्री बरामद की।

### बदलापुर के आरोपी की मौत की होगी जांच



**मुंबई।** महाराष्ट्र का अपराध जांच विभाग बदलापुर यौन शोषण प्रकरण के आरोपी अक्षय शिंदे की मौत संबंधी मामले की जांच करेगा। अक्षय शिंदे के पिता अन्ना शिंदे ने अपने बेटे की कथित हत्या की जांच की मांग की है। फॉरेंसिक विज्ञान विशेषज्ञों के एक दल ने मंगलवार को उस पुलिस वाहन की जांच की।

### स्वास्थ्य विभाग की जांच कमेटी ने तय की लापरवाही, रिपोर्ट सीएमएचओ को

# एमएमआई कांड की जांच रिपोर्ट सौंपी, रेड एंबुलेंस और एयर एंबुलेंस के साथ अस्पताल भी जिम्मेदार

*स्वाइन फ्लू पीड़ित महिला भारती खेमानी की मौत के मामले में जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में एमएमआई अस्पताल प्रबंधन, रेड एंबुलेंस और हैदराबाद ले जाने आई एयर एबुंलेंस को भी जिम्मेदार माना है। स्वास्थ विभाग की जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में तीनों की लापरवाही तय की है और रिपोर्ट सीएमएचओ को सौंप दी है। जांच रिपोर्ट के अध्ययन के बाद इनके खिलाफ कार्रवाई तय की जाएगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि खास**

टाटीबंध में रहने वाले मुकेश खेमानी की 49 वर्षीय पत्नी भारती खेमानी को 2 सितंबर को गंभीर हालत में इलाज के लिए लालपुर के एमएमआई नारायणा अस्पताल में भर्ती किया गया था। स्वाइन फ्लू पीड़ित बताकर उनका इलाज किया गया और 12 सितंबर को स्थिति गंभीर बताकर उन्हें हैदराबाद के अस्पताल रेफर किया गया। एयर एबुंलेंस में उड़ान भरने के कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई थी। मामले में भारती खेमानी के बेटे और उनके परिवार ने लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया था। इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर विभागीय स्तर पर पांच सदस्यीय कमेटी गठित की गई थी। कमेटी ने अपनी जांच पूरी कर रिपोर्ट सीएमएचओ को सौंप दी है, जिसे कलेक्टर और स्वास्थ्य संचालक को प्रेषित किया जाएगा। रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद ही उच्चस्तर पर कार्रवाई तय की जाएगी। सूत्रों के अनुसार ▶▶| शेष पेज 4 पर

- इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर पांच सदस्यीय कमेटी गठित की गई थी

### रिपोर्ट आला अधिकारियों को

जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट दी है, आवश्यक अध्ययन के बाद इसे आला अधिकारियों को भेजा जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई उनके द्वारा ही तय की जाएगी।

- डॉ. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ रायपुर


10 दिन में 8 लाख खर्च, महिला की मौत, बेटे ने कहा-एमएमआई ने मेरी मां को मार डाला


एमएमआई कांड, रेड एंबुलेंस का ड्राइवर, एयरक्राफ्ट का पायलट और टेक्निकल टीम तलब, अस्पताल भी घेरे में

## इनकी लापरवाही

### एमएमआई की लापरवाही

सूत्रों के अनुसार भारती खेमानी को हैदराबाद के अस्पताल रेफर किए जाने का निर्णय लिया गया। उन्हें जब अस्पताल से एयरपोर्ट तक एंबुलेंस में ले जाना था, उस दौरान चिकित्सकीय स्टाफ उपलब्ध कराना था। अस्पताल ने इस महत्वपूर्ण मामले को नजर अंदाज कर दिया।

### रेड एंबुलेंस की कोताही

जांच में माना गया है कि भारती खेमानी को रेड एंबुलेंस में अस्पताल से एयरपोर्ट ले जाना था। उनकी हालत काफी गंभीर थी। परिवहन के दौरान एंबुलेंस में जरूरी उपकरण थे, मगर डाक्टर की व्यवस्था नहीं थी। माना गया है कि इस दौरान मरीज की तबीयत और बिगड़ गई।

### अधूरी सुविधा वाला एयर एंबुलेंस

मामले में सबसे ज्यादा दोषी एयर एबुंलेंस को माना गया है। गंभीर मरीज को हैदराबाद ले जाने से पहले उन्हें एयरक्राफ्ट में मौजूद उपकरणों को चेक करना था, जो नहीं किया गया। उड़ान भरने के बाद मरीज को जब सांस लेने में दिक्कत हुई, तो ऑक्सीजन की सप्लाई में तकनीकी परेशानी का पता चला। उड़ान के दस मिनट बाद ही मरीज की हालत बेहद खराब हो गई थी और फ्लाइट को वापस रायपुर में लैंड कराना पड़ गया था।

### पुलिस कर रही रिपोर्ट का इंतजार

इस मामले में पीड़ित खेमानी परिवार ने टिकरापारा थाने में अस्पताल प्रबंधन से लेकर एयर एंबुलेंस स्टाफ पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर शिकायत दर्ज कराई थी। उनका आरोप था कि अस्पताल से एंबुलेंस में विमानतल जाने के दौरान उनसे रूखा व्यवहार किया गया। इसके अलावा एयरक्राफ्ट में उपकरण ठीक ठाक हालत में नहीं थे। पूरी रकम लेने के बाद भी फ्लाइट को वापस रायपुर में उतार लिया गया था। मामले में पुलिस ने संबंधित रेड एंबुलेंस को भी थाने में खड़ा करवा दिया था। मामले में कार्रवाई के लिए उनकी ओर से भी स्वास्थ्य विभाग को जांच कर रिपोर्ट देने का निवेदन किया गया था। पुलिस अफसरों मुताबिक विभागीय जांच के बाद जो रिपोर्ट उन्हें सौंपी जाएगी इस आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। पीड़ित परिवार मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहा था।

# मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद





### फोर्स के पहुंचने से पहले नक्सली शव लेकर भागने में रहे सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो माओवादियों को जवानों ने ढेर कर दिया, साथ ही नक्सली डंप सामाग्री भी बरामद की गई है। अभियान के दौरान नक्सलियों के जगरगुंडा कमेटी और पीएलजीएल बटालियन सदस्यों से चिंतावागू नदी किनारे जंगल-पहाड़ी में रात से सुबह तक रूक-रुककर फायरिंग होती रही, जिसके बाद मारे गए दो साथियों के शव को लेकर भागने में नक्सली सफल रहे।

जानकारी के मुताबिक सुकमा जिले में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो ▶▶| शेष पेज 4 पर

- करकनगुड़ा के जंगल में नक्सलियों की बटालियन सप्लाई टीम व जगरगुंडा एरिया कमेटी से मुठभेड़

### मारे गए तीन नक्सलियों में दो पर था 41 लाख का इनाम

*जगदलपुर/नारायणपुर। सोमवार को माड़ में नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में मारे गए तीन नक्सलियों में दो की शिनाख्त हो चुकी है। वहीं एक महिला माओवादी की शिनाख्त की जानी है। मारे गए दो पुरुष माओवादियों पर उनके रेंक के अनुसार 41लाख रुपए का इनाम घोषित था। आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि मारे गए माओवादियों की शिनाख्त 25 लाख के इनामी डीकेजेडएससी रुपेश व 16 लाख के इनामी डीवीसीएम जगदीश के रूप में हुई है। वहीं मुठभेड़ में मारी गई महिला नक्सली की शिनाख्त की जा रही है। एसपी नारायणपुर प्रभात कुमार ने बताया कि जिले अबूझमाड़ के क्षेत्र में माओवादियो* ▶▶| शेष पेज 4 पर

### हाथ से गिरी पेटी और हो गया धमाका

# गोदाम में आग, तीन घंटे पटाखे की आवाज से दहलता रहा इलाका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

घनी आबादी वाले जगमल चौक स्थित पटाखा गोदाम में मंगलवार की दोपहर 12 बजे कर्मचारी के हाथ से चायनीज पाप-पाप पटाखा की पेटी हाथ से गिर गई, इससे दुकान में आतिशबाजी होने लगी, देखते ही देखते दीपावली पूर्व बेचने के लिए भारी मात्रा में रखे गए पटाखों की पेटियों में आग लग गई, पल भर में आग ने भीषण रूप ले लिया और आग की लपटें दुकान से होते हुए गोदाम पहुंच गई। रिहायशी इलाके में आग ▶▶| शेष पेज 4 पर

- एसडीआरएफ, एसीसीएल, एनटीपीसी के दमकल से आग पर पाया गया काबू

### लाखों की क्षति होने की आशंका

पटाखा दुकान व गोदाम में दीपावली पूर्व बेचने के लिए भारी मात्रा में पटाखे रखे गए थे। आग लगने से पूरा पटाखा जल गया है, हालांकि पटाखा दुकान संचालक ने यह जानकारी नहीं दी है कि कितने लाख का पटाखा जलकर राख हुआ है। पुलिस ने व्यापारी के खिलाफ फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं की है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार फिलहाल मामले की जांच की जा रही है, व्यापारी को नोटिस दिया जाएगा।

### व्यापारी को दिया जाएगा नोटिस

आसपास के लोगों ने कर्मचारी के हाथ से चायनीज पटाखा की पेटी गिरने से पटाखा दुकान व गोदाम में आग लगने की जानकारी दी है। एसडीआरएफ, एसीसीएल, एनटीपीसी के दमकल से 3 घण्टे बाद आग पर काबू पा लिया गया था। व्यापारी ने क्षति के जानकारी नहीं दी है। उसे नोटिस जारी कर लाइसेंस संबंधी जानकारी ली जाएगी।

### खाली कराया गया बैंक का दफ्तर, दुकानें

पटाखा दुकान व गोदाम में आग लगने से आसपास के इलाके में आग लगने का खतरा पैदा हो गया। पटाखा दुकान व गोदाम के आसपास एक्सिस बैंक का दफ्तर है, साथ ही बच्चों की डांस क्लास लगती है, आसपास कई दुकानें भी हैं। पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा की दृष्टि से आनन फानन में बैंक के दफ्तर, डांस क्लास सहित दुकानों को खाली कराया। आसपास के घर वालों को भी चौकस रहने कहा गया। पुलिस ने पूरे इलाके को अपने कब्जे में ले लिया था। सड़क से वाहनों की आवाजाही भी बंद करा दी गई थी।

# भाजपा नेता के बेटे की दबंगई, दोस्तों के साथ वार्ड बॉय और पुलिस कर्मी को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में भाजपा नेता का बेटा और उसके दोस्तों ने मिलकर दबंगई दिखाते हुए अस्पताल के वार्ड बॉय और ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मी के साथ मारपीट कर दी। मारपीट के बाद अस्पताल के डॉक्टरों व स्टाफ ने काम बंद कर दिया। इस घटना से बवाल मच गया। पुलिस ने आरोपी युवकों में से तीन युवकों को



गिरफ्तार किया है। इनमें मुख्य आरोपी अभय चौबे भिलाई-चरोदा क्षेत्र के भाजपा नेता राजीव चौबे का बेटा है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने शिकायत पर धारा 221, 115(2), 296, 351(3), 132, 190, ▶▶| शेष पेज 4 पर

- पर्ची बनाने को लेकर हुआ अस्पताल में विवाद

### फरार आरोपियों की तलाश

सुपेला पुलिस ने बताया कि नवीन नगर एसबीआई बैंक चरोदा भिलाई तीन निवासी अभय चौबे, शांति पारा भिलाई 3 सागर पटेल, गौतम सिंह बिना नंबर की स्कार्पियो वाहन में सवार हो कर लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला पहुंचे थे। इस दौरान अस्पताल के डॉक्टर, ▶▶| शेष पेज 4 पर

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर मंजूरी

# जल आवर्धन योजनाओं के लिए 132 करोड़ के प्रस्ताव पर मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर वित्त विभाग द्वारा विभिन्न नगरीय निकायों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की जल आवर्धन योजनाओं के लिए 132 करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री श्री साय की पहल पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा निर्मित की जाने ▶▶| शेष पेज 4 पर

### जल संकट में मिलेगी मदद

जल आवर्धन योजनाओं से जलापूर्ति संरचना मजबूत होने से जल की गुणवत्ता और वितरण में सुधार होने के साथ ही जल संकट को कम करने में भी मदद मिलेगी। इसके साथ ही नागरिकों का स्वास्थ्य और जीवन स्तर भी बेहतर होगा। ये नई जल आवर्धन योजनाएं जल संसाधनों की उपलब्धता ▶▶| शेष पेज 4 पर

### देशभर में इस साल हुई पांच प्रतिशत अधिक बारिश

# मानसून ने पकड़ी वापसी की राह, छग में अभी इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत के बड़े हिस्से को भरपूर बारिश से सराबोर करने के बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून पश्चिमी राजस्थान और कच्छ से शुरूआत के बाद अब अपनी वापसी की यात्रा पर निकल पड़ा है। देशभर में पांच प्रतिशत अतिरिक्त बारिश लाने वाले दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी की यात्रा शुरू हुई लेकिन मौसम कार्यालय ने आगामी सप्ताह में कई क्षेत्रों में व्यापक बारिश का अनुमान भी जताया है। छत्तीसगढ़ में फिलहाल मानसून की वापसी नहीं होगी। ऐसा अनुमान है कि छत्तीसगढ़ से अगले माह वापसी होगी।

### 15 अक्टूबर तक पूरी तरह लौटता है..

आम तौर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून एक जून तक केरल में दस्तक देता है। जुलाई के पहले सप्ताह तक पूरे देश में फैल जाता है। वह सितंबर के मध्य तक उत्तर-पश्चिमी भारत से लौटना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह चला जाता है।



भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया, दक्षिण-पश्चिम मानसून 17 सितंबर के बजाय 23 सितंबर को पश्चिमी राजस्थान और कच्छ के कुछ हिस्सों से लौट गया है। अगले 24 घंटे के दौरान पश्चिमी राजस्थान के कुछ और हिस्सों तथा पंजाब, हरियाणा और गुजरात के आसपास के इलाकों से दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

### छत्तीसगढ़ में कहीं मध्यम, कहीं भारी बारिश

छत्तीसगढ़ में 25 सितंबर को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ़ में बस्तर संभाग और उससे लगे दुर्ग और रायपुर संभाग के जिले संभावित है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की भी संभावना है।

### बंगाल की खाड़ी पर कम दबाव का क्षेत्र

मौसम कार्यालय ने मंगलवार को पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी पर कम दबाव का क्षेत्र बनने का अनुमान जताया है जिससे पूर्वी तट पर कुछ राज्यों में बारिश हो सकती है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने आगामी सप्ताह के दौरान तटीय और उत्तर कर्नाटक के अंदरुनी इलाकों, महाराष्ट्र, गोवा, मध्य, पूर्व और उत्तरपूर्व भारत में बहुत भारी से अत्यधिक भारी बारिश का अनुमान जताया है।

## जम्मू-कश्मीर में दूसरे चरण का मतदान आज

### पीडीपी और भाजपा की अग्निपरीक्षा तो नेशनल कॉन्फ्रेंस की टिकीं उम्मीदें

# लाल चौक, वैष्णो देवी हाई प्रोफाइल सीट उमर का दो सीटों पर होगा सियासी टेस्ट

*जम्मू कश्मीर में दूसरे फेज में छह जिलों की 26 सीटों पर बुधवार को मतदान है। यह चरण पीडीपी के लिए अपने सियासी वजूद बचाए रखने की अग्निपरीक्षा है तो नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन की सत्ता में वापसी का दारोमदार इसी चरण पर टिका हुआ है। बीजेपी ही नहीं यह चरण इंजीनियर राशिद और जमात-ए-इस्लामी का भी इम्तिहान होगा। पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष रविंदर रैना, आप पार्टी के प्रमुख अल्ताफ बुखारी और खुर्शीद आलम सहित कई हाई प्रोफाइल नेताओं की परीक्षा इसी चरण में होनी है*

### घाटी के श्रीनगर जिले में हैं सबसे ज्यादा 93 प्रत्याशी तो जम्मू रीजन के रियासी से 20 प्रत्याशी

### 26 सीटों में से 15 सेंट्रल कश्मीर से वहीं 11 सीटें हैं जम्मू रीजन की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस चरण की 26 सीटों में से 15 सीटें सेंट्रल कश्मीर और 11 सीटें जम्मू रीजन की हैं। 239 उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर लगी है। जिसमें 233 पुरुष और 6 महिलाएं किस्मत आजमा रही हैं। इस चरण में 25.78 लाख मतदाता वोट डालेंगे. पीडीपी ने सभी 26 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार रखे हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के 20 और कांग्रेस के 6 सीटों पर उम्मीदवार हैं। बीजेपी दूसरे चरण में सिर्फ 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। निर्दलीय ने 98 सीटों पर ताल ठोक रखी है।



#### जम्मू की बदल गई है डेमोग्राफी

जम्मू-कश्मीर में दस साल बाद हो रहे विधानसभा चुनाव में काफी कुछ बदला हुआ है। जम्मू रीजन की जिन 11 सीटों पर चुनाव है, उन पर डेमोग्राफी बदली हुई है। जम्मू के इलाके वाली सीटों पर कांग्रेस और बीजेपी के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है तो घाटी की सीटों पर नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और पीडीपी जैसे दलों के बीच मुख्य फाइट है, लेकिन इंजीनियर राशिद और अल्ताफ बुखारी की पार्टियां भी अहम रोल में है। मुस्लिम आबादी ज्यादा होने के चलते बीजेपी के लिए टेंशन बनी हुई है तो पीडीपी के लिए भी अपनी साख को बचाए रखने की चुनौती है।

**उमर दो सीटों पर आजमा रहे भाग्य**

लोकसभा चुनाव में बारामुला सीट पर निर्दलीय इंजीनियर राशिद से चुनाव हारने वाले नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला की साख दांव पर लगी है। इस बार उमर अब्दुल्ला गांदरबल और बडगाम दोनों सीटों से मैदान में है। इसके बाद भी उनकी राह आसान नहीं है। बडगाम में इस बार उमर का शिया समुदाय से आने वाले पीडीपी कैंडिडेट सैयद मुंतजिर मेहंदी से नजदीकी मुकाबला माना जा रहा है तो साथ ही गांदरबल सीट पर इंजीनियर राशिद की पार्टी के कैंडिडेट से करीबी मुकाबले की उम्मीद है। गांदरबल सीट पर उनके खिलाफ जेल में बंद सरजन अहमद वागे उर्फ आजादी चाचा मैदान में हैं।

#### रैना की नौशेरा सीट पर सबकी नजर

*नौशेरा सीट पर बीजेपी के रविंदर रैना का मुकाबला एनसी के सुरिंदर कुमार चौधरी से है। श्री माता वैष्णो देवी विधानसभा सीट पर बीजेपी के बलदेव राज शर्मा और कांग्रेस के भूपिंदर सिंह के बीच सीधी लड़ाई है। कालाकोट-सुंदरबनी में एनसी के यशु वर्धन सिंह का मुकाबला बीजेपी के रणधीर सिंह से है। राजौरी (एसटी) सीट पर बीजेपी के विबोद कुमार का मुकाबला कांग्रेस के इफ्तकार अहमद से है। पुंछ हवेली सीट पर एनसी के एजाज अहमद जान और पीडीपी के शमीम अहमद के बीच लड़ाई है। चैनपोरा सीट पर जेकेएपी के अल्ताफ बुखारी और एनसी के मुश्ताक गुरु के बीच लड़ाई है। लाल चौक में एनसी के शेख अहसान अहमद, जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी (जेकेएपी) के मोहम्मद अशरफ मीर और बीजेपी के एजाज हुसैन राथर के बीच त्रिकोणीय मुकाबला माना जा रहा है।*

## हरियाणा चुनाव

### सोनीपत की चुनावी सभा में बोले पूर्व सीएम हुड्डा | 'भाजपा ने कई जगह वोट काटू खड़े किए हैं, इनसे बचकर रहें'

एजेंसी ▶▶| सोनीपत

हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंगलवार को गन्नौर व सोनीपत में 9 जनसभाएं कर कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए वोट की अपील की। हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस का वोट काटने के लिए साजिश के तहत भाजपा ने कई जगह वोट काटू खड़े किए हैं। इनसे बचकर रहने की जरूरत है, क्योंकि ये सब भाजपा के मोहरे हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने लोगों से आह्वान किया है कि कांग्रेस की



सरकार बनाएंगे विधायक और विधायक बनाओगे तुम। आज यहां ये कहने आया हूं कि एक काम मेरे कहने से तुम कर दो, दूसरा मैं कर दूंगा। उन्होंने कहा कि एक काम और करना है, मुकाबला कांग्रेस और भाजपा में है, वोट काटू प्रत्याशी से बच कर रहना है। ये सब बीजेपी के खेल हैं। बीजेपी देखती है कि कौन कहां से वोट काट सकता है।

हुड्डा ने कहा कि भाजपा ने विकास को उल्टे पैर लगाए हैं, कांग्रेस के मंजूर प्रोजेक्ट या तो अटकाए या फिर रद्द करवाए। जनता कांग्रेस के काम और भाजपा के राज को तोल चुकी है। आज पूरे प्रदेश में हवा चल रही है- कांग्रेस आ रही है और भाजपा जा रही है।

### हरियाणा में आप के बिना नहीं बनेगी सरकार : केजरीवाल

एजेंसी ▶▶| रानिया

- रोड शो के बाद चुनावी सभा में किए कई वादे लगाए जमकर आरोप

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल हरियाणा में विधानसभा चुनाव प्रचार के तहत बुधवार को रानिया पहुंचे। यहां रोड शो के बाद चुनावी सभा में उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में आप के बिना सरकार नहीं बनेगी। उन्होंने कहा, 'एक मौका दे दो हरियाणा की भी सेवा का, यहां भी स्कूल अच्छी करेंगे, बिजली फ्री करेंगे। आप कहोगे कि सरकार में तो आ नहीं रहे, कैसे करोगे। मेरा जवाब है कि जो भी सरकार बन



रही है, हमारे बिना नहीं बन रही है। हम काम कराएंगे। दिल्ली वालों ने भाजपा-कांग्रेस को छोड़कर आप को चुना था और फिर उन दोनों पार्टियों को भूल गए।

---

**कांग्रेस बोली- भाजपा फिर बना रही कानून वापसी का प्लान**

## सांसद कंगना ने की तीनों कृषि कानून वापस लाने की डिमांड, मचा बवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड एक्ट्रेस और हिमाचल प्रदेश के मंडी से भारतीय जनता पार्टी की सांसद कंगना रनौत एक बार फिर अपने बेबाक बयानों को लेकर चर्चा में हैं। इस बार वह केंद्र सरकार द्वारा निरस्त किए गए तीन कृषि कानूनों को फिर से लागू करने की मांग को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने मांग की है कि किसानों से जुड़े तीनों कानून फिर से वापस आने चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि किसानों



को खुद ही इनकी डिमांड करनी चाहिए। कंगना रनौत ने यह भी कहा कि हो सकता है उनकी इस बात पर विवाद हो, लेकिन इसे लागू करना चाहिए। मंडी सांसद ने कहा कि देश के विकास में एक पिलर ऑफ स्ट्रेन्थ हैं। उन्होंने कहा कि मैं कहना चाहती हूं कि किसान खुद ही ऐसी अपील करें कि हमारे जो तीनों कृषि कानून है उन्हें फिर से लागू कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों के किसानों ने तीन कृषि कानून को लेकर आपत्ति जताई थी, मैं सभी से हाथ जोड़कर विनती करती हूं कि सब किसानों के हित को ध्यान में रखकर वे कानून वापस मांगे। अब इस मामले पर देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने आपत्ति जताई है।

#### मोदी सरकार ने वापस लिए थे तीनों कानून

पीएम मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में संसद में तीन कृषि कानून पारित किए थे। इनमें कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सुविधा) अधिनियम, 2020 कृषक (सशक्तिकरण और संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार अधिनियम, 2020 और आवश्यक वस्तु (संशोधन) अधिनियम, 2020 शामिल हैं। इनका किसानों ने जमकर विरोध किया था। किसान करीब एक साल से भी ज्यादा टाइम तक दिल्ली के बॉर्डर पर धरने पर डटे रहे। आखिरकार साल 2021 में पीएम नरेंद्र मोदी ने इन तीनों कानूनों को निरस्त करने का ऐलान किया।

#### कांग्रेस ने बीजेपी पर बोला हमला

कांग्रेस पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कंगना को निशाने पर लिया है। पार्टी ने कहा कि किसानों पर लादे गए 3 काले कानून वापस लाने चाहिए। भारतीय जनता पार्टी की सांसद कंगना रनौत ने ये बात कही है। देश के 750 से ज्यादा किसान शहीद हुए, तब जाकर मोदी सरकार की नींद टूटी और ये काले कानून वापस हुए। अब बीजेपी की सांसद फिर से इन कानून की वापसी का प्लान बना रहे हैं। कांग्रेस किसानों के साथ है। इन काले कानून की वापसी अब कभी नहीं होगी, चाहे नरेंद्र मोदी और उनके सांसद जितना जोर लगा लें।

#### कृषि मंत्री मिले किसानों से... फसल मूल्य, फसल बीमा के मसले पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसान और किसान संगठनों से संवाद के क्रम की आज दिल्ली में शुरुआत की। उन्होंने कहा कि मैंने पहले भी कहा है कृषि भारतीय



अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा है और किसान की सेवा हमारे लिए भगवान की पूजा है। उन्होंने कहा कि पिछली बार जब 100 दिन की उपलब्धियों की चर्चा मैं कर रहा था, तब यह तय किया था कि हर मंगलवार को किसान या किसान संगठनों से मिलने का क्रम प्रारंभ करूंगा क्योंकि कई बार ऑफिस में बैठकर समस्याएं समझ में नहीं आती हैं। जिनकी समस्याएं हैं उनसे सीधे संवाद करना, चर्चा करना और कोई विषय आए तो उसका समाधान करना यह हमारा कर्तव्य है। संवाद के दौरान कृषि मंत्रालय व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के अधिकारी भी शामिल थे।

#### हमें जवाब चाहिए पराली जलना फिर शुरू क्यों हुआ?

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से स्पष्टीकरण मांगा है कि देश में पराली जलाने पर लगे प्रतिबंधों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ क्या कदम उठाए जा रहे हैं। जस्टिस अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से संबंधित एक मामले में सख्त रुख अपनाते हुए सीएक्यूएम से शुक्रवार तक जवाब दाखिल करने को कहा है। इससे पहले दिल्ली में प्रदूषण के मामले में एमिकस क्यूरी और वरिष्ठ अधिवक्ता अनीता शेनॉय ने पीठ के समक्ष इस मामले को उठाते हुए कहा कि फिर से पराली जलाना शुरू हो गया है।

- सुप्रीम कोर्ट ने मांगा स्पष्टीकरण

**सुप्रीम कोर्ट ने लगाई मान सरकार को फटकार**

## एनआरआई कोटे का दायरा बढ़ाने वाला नोटिफिकेशन रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल और डेंटल कोर्स में एनआरआई कोटो को लेकर पंजाब सरकार को फटकार लगाई है। शीर्ष अदालत ने कहा कि हमें एनआरआई कोटे का धंधा बंद कर देना चाहिए। यह पूरी तरह से धोखाधड़ी है। इसके साथ ही कोर्ट ने मंगलवार को मेडिकल दाखिले में एनआरआई कोटा बढ़ाने वाले पंजाब सरकार की अधिसूचना को भी रद्द कर दी। 10 सितंबर को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने भगवंत मान सरकार के 20 अगस्त के उस फैसले को खारिज कर दिया था। जिसमें मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए एनआरआई ग्रुप कोटे को 15 प्रतिशत बढ़ा दिया था। इस बढ़े हुए कोटे में दूर के रिश्तेदारों "जैसे चाचा, चाची, दादा-दादी और चचेरे भाई-बहनों" को भी शामिल किया गया था।



#### 'सामान्य कोटे के छात्रों को नहीं मिलेगा एडमिशन'

इस मामले पर आज फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, हमें धोखाधड़ी को समाप्त करना होगा, हाईकोर्ट का आदेश बिल्कुल सही है। राज्य सरकार के इस नोटिफिकेशन के घातक परिणाम होंगे। जिन सामान्य उम्मीदवारों के नंबर एनआईआई कोटे के छात्र से 3 गुना अधिक हैं, वो सामान्य छात्र लिस्ट से बाहर हो जाएंगे।

#### यह है मामला

पंजाब में आम आदमी पार्टी की भगवंत मान सरकार ने 20 अगस्त को नोटिस जारी करते हुए सरकार ने नीट के एडमिशन में एनआरआई कोटा देने का ऐलान किया था। पंजाब सरकार ने एनआरआई को 15 प्रतिशत तक आरक्षण देने का ऐलान किया था। जिसके बाद डॉ बीआर अंबेडकर स्टेट इंस्टीट्यूट मेडिकल साइंसेज मोहाली में एमबीबीएस की जनरल सीटें कम कर दी गई थी। कम की गई सीटों को एनआरआई कोटे में शामिल कर दिया गया। जिसके बाद कुल छात्र इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में पहुंच गए। 10 सितंबर को इस मामले पर सुनवाई करते हुए पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने इस कोटे को रद्द कर दिया। हाईकोर्ट के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले को सही बताते हुए याचिका खारिज कर दी।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्टी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
94060-21769

### तिरुपति मामले में साउथ के दो सितारे पवन कल्याण और प्रकाश राज में जुबानी जंग

## 'लड्डू विवाद को राष्ट्रीय मुद्दा न बनाएं, जांच करें'



एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद लड्डू में मिलाए गए घी में जानवरों की चर्बी और मछली का तेल होने की पुष्टि हुई है। अब इस विवाद में साउथ के दो बड़े सितारे उलझ गए हैं। अपने निगेटिव कैरेक्टर के लिए मशहूर प्रकाश राज और जाने माने एक्शन स्टार और आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। सारा विवाद स्टार पवन कल्याण के सोशल मीडिया के बाद शुरू हुआ। अभिनेता प्रकाश राज ने पवन कल्याण के बयान की कड़ी आलोचना की है।

पवन कल्याण ने अपने एक्स पोस्ट में तिरुपति लड्डू में मिलावट को लेकर दुख जाहिर किया। साथ ही सुझाव दिया कि अब समय आ गया है कि राष्ट्रीय स्तर पर 'सनातन धर्म रक्षण बोर्ड' का गठन किया जाए। इस बोर्ड को ही मंदिरों से जुड़े मुद्दों पर नजर रखने की जिम्मेदारी सौंपी जाए। सनातन धर्म बोर्ड बनाने के इसी सुझाव पर प्रकाश ने सोशल मीडिया पर सवाल उठाए। प्रकाश राज ने कहा, "प्रिय पवन कल्याण, यह घटना उस राज्य में हुई है जहां आप उप मुख्यमंत्री हैं। आप खुद इसकी जांच करवा सकते हैं, फिर क्यों इसे राष्ट्रीय मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहे हैं?"

#### पवन का पलटवार

प्रकाश राज के इस बयान पर पवन कल्याण ने भी पलटवार किया। पवन कल्याण ने कहा कि वह सनातन धर्म की पवित्रता और भोजन में मिलावट पर बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "सेक्युलरिज्म पारस्परिक होना चाहिए। मैं सनातन धर्म पर हमले की बात क्यों नहीं कर सकता? यह मुद्दा केवल एक धर्म का नहीं, बल्कि हर धर्म का सम्मान करने का है।" पवन ने इस बात पर जोर दिया कि हर हिंदू को धर्म की पवित्रता बनाए रखने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर — 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania11@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre — रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल (आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑंकोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर) जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हर्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। * आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

रायपुर, बुधवार 25 सितंबर 2024 | आश्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी | वर्ष : 23, अंक : 70 | पृष्ठ : 12+4+4= 20 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



*आधा दर्जन ट्रेनों के मार्ग बदलने से रायपुर और बिलासपुर मंडल के यात्रियों की बढ़ी परेशानी*

# डायवर्ट ट्रेनों में सफर के लिए यात्रियों को बिलासपुर से रायपुर तक लगानी पड़ रही दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के चक्रधरपुर रेल मंडल में ब्लॉक के कारण आधा दर्जन से अधिक ट्रेनों का मार्ग बदला गया है, जिसके कारण कई स्टेशनों पर यात्री परेशान होते दिखे। दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल के आदित्यपुर-खड़गपुर स्टेशनों के बीच तीसरी लाइन को आदित्यपुर स्टेशन से जोड़ने का काम 16 सितंबर से लगातार चल रहा है। अभी 27 सितंबर तक इस रूट की ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। बीते दिनों रायपुर स्टेशन आने वाली मुंबई-हावड़ा मेल का भी मार्ग बदलकर वाल्टेयर लाइन से रवाना किया गया। इस दौरान भाटापारा और बिलासपुर स्टेशन ▶▶ शेष पेज 4 पर

**ब्लॉक की वजह से ये ट्रेनें प्रभावित**

- 27 सितंबर को आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस का रूट बदलेगा।
- इसी रास्ते से दुर्ग से छूटने वाली साउथ बिहार ट्रेन 28 सितंबर को चलेगी।
- 8 सितंबर को हावड़ा-पुणे दुरंतो एक्सप्रेस भी परिवर्तित मार्ग पर चलेगी।
- 25 से 27 सितंबर कपुरी-योग नगरी ऋषिकेश कलिंग उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से चलेगी।
- 25 से 27 सितंबर योग नगरी ऋषिकेश-पुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस झारसुगुड़ा रोड से चलेगी।

### तिरुपति-बिलासपुर एक्सप्रेस कोव्वुरू स्टेशन पर रुकेगी

यात्रियों की मांग पर तिरुपति से बिलासपुर के बीच चलने वाली साप्ताहिक तिरुपति-बिलासपुर एक्सप्रेस का दक्षिण मध्य रेलवे के कोव्वुरु स्टेशन में प्रायोगिक ठहराव घोषित किया गया है। शनिवार से रेलवे ने प्रायोगिक ठहराव ▶▶ शेष पेज 4 पर



## अब तीन दिनों में 9 लोकल ट्रेनें रहेंगी रद्द

- 26 को गीतांजलि और शिर्डी एक्सप्रेस 2 घंटे विलंब से होगी रवाना

रायपुर। रेलवे त्योहार से पहले पटरियों का अधूरा कार्य पूरा करना चाहता है, ताकि यात्रियों को बाद में ज्यादा दिक्कत न हो। इसी क्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के अंतर्गत भाटापारा–हथबंध सेक्शन में रोड अंडरब्रिज निर्माण के लिए बॉक्स पुशिंग के लिए रिलीविंग गर्डर की लांचिंग की जाएगी। इस कार्य के लिए 26, 27 व 29 सितंबर को ट्रैफिक कम पावर ब्लाक लिया जाएगा। रेलवे प्रशासन का कहना है कि इस कार्य के पूर्ण होते ही सड़क मार्ग के ▶▶ शेष पेज 4 पर

**रद्द होने वाली ट्रेन**

- 26 को गाडी संख्या 08727 बिलासपुर-रायपुर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।
- 26 एवं 29 को गाडी संख्या 08719 बिलासपुर-रायपुर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।
- 27 को गाडी संख्या 08261 बिलासपुर-रायपुर पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- 27 को गाडी संख्या 08275 रायपुर-जूनागढ़ रोड पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

▶▶ शेष पेज 4 पर

लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी
बी एस सी नर्सिंग [60 Seats]
डिप्लोमा इन फार्मेसी [60 Seats]
महाविद्यालय परिसर : ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, जामगांव रोड, जिला - दुर्ग
9131880895, 8319870997
6, इंस्टीट्यूशनल एरिया, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर
83700 77700, 7024125200

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

*एक्शन में केंद्र सरकार, तीन महीने पहले ही कर दिया था अलर्ट*

# साइबर फ्रॉड पर डिजिटल स्ट्राइक 6 लाख मोबाइल फोन किए बंद!

- देश के 65 हजार यूआरएल को भी किया गया ब्लॉक
- टेलीकॉम विभाग ने की थी 6 लाख 80 हजार संदिग्ध सिम की पहचान

*केंद्र सरकार ने साइबर फ्रॉड पर काबू करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। गृह मंत्रालय के साइबर विंग आई4सी ने कड़ा एक्शन लिया है। विंग ने देशभर में 6 लाख मोबाइल फोन बंद कर दिए हैं। इसके साथ ही 65 हजार यूआरएल ब्लॉक किए गए हैं। साइबर फ्रॉड में लिप्त 800 एप्लिकेशन को भी ब्लॉक किया गया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

गृह मंत्रालय के साइबर विंग आई4सी लगातार साइबर फ्रॉड पर नकेल कसने का काम कर रहा है। इस क्रम में कड़ा कदम उठाते हुए सरकार ने 6 लाख मोबाइल फोन बंद किए है। इसके साथ ही एमएचए के साइबर विंग के आदेश पर 65 हजार साइबर फ्रॉड करने वाले यूआरएल को भी ब्लॉक किया गया है। सूत्रों ने बड़ी जानकारी देते हुए मीडिया को बताया कि साइबर फ्रॉड में लिप्त करीब 800 एप्लिकेशन्स को भी ब्लॉक किया है। साइबर फ्रॉड को रोकने के लिए गृह मंत्रालय के आई4सी विंग लगातार बड़े कदम उठा रहा है।

2023 में नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल को 1 लाख से ज़्यादा इन्वेस्टमेंट स्कैम्स की शिकायतें मिली हैं। पूरे देश में इससे संबंधित करीब 17 हजार एफआईआर दर्ज की गई हैं। जनवरी 2024 से सितंबर 2024 तक डिजिटल अरेस्ट की 6000, ट्रेंडिंग स्कैम की 20,043, इन्वेस्टमेंट स्कैम की 62,687 और डेटिंग स्कैम की 1725 शिकायतें मिली हैं।

### क्या है आई4सी विंग?

आई4सी विंग की स्थापना 5 अक्टूबर, 2018 को गृह मंत्रालय के साइबर और सूचना सुरक्षा प्रभाग के भीतर सेंट्रल सेक्टर स्कीम के तहत की गई थी। इसका प्राथमिक उद्देश्य देश भर में साइबर अपराध से संबंधित सभी मुद्दों के समाधान के लिए एक राष्ट्रीय स्तर का कोऑर्डिनेशन सेंटर स्थापित करना है। यह सेंटर सभी राज्यों के कंट्रोल रूम से जुड़कर हाई प्रायोरिटी केस की मॉनिटरिंग करता है। यह पोर्टल साइबर अपराधों में इस्तेमाल होने वाले फर्जी कार्ड और अकाउंट, साइबर क्राइम के रोकथाम, अपराध के विश्लेषण और जांच में सहयोग और समन्वय का काम करता है। सीसीटीवी फुटेज मांगने की रिक्वेस्ट इस प्लेटफॉर्म के जरिए भेजा सकती है, साथ ही यह प्लेटफॉर्म तकनीकी और कानूनी मदद भी मुहैया कराता है. इसके लिए पैरा मिलिट्री फोर्स और स्टेट पुलिस के जवानों को चयनित किया गया है।




### सेल्फी से साइबर फ्रॉड

सेल्फी ऑथेंटिकेशन से साइबर फ्रॉड हो रहा है। साइबर इसमें फिशिंग हमला करते हैं, जी हां, इसमें फर्जी ईमेल या मैसेज के जरिए एक लिंक भेजा जाता है। इसके बाद जैसे ही उस लिंक पर क्लिक करके उसे खोलकर उस पर सेल्फी डालते हैं तो फिर उसका गलत इस्तेमाल किया जा सकता है। साइबर अपराधी किसी तरीके से फोन में मैलवेयर इंस्टाल कर देते हैं, इसके बाद वो डिवाइस के कैमरे पर नियंत्रण कर लेते हैं और आपकी मंजूरी के बिना सेल्फी ले लेते हैं। कई मामलों में साइबर अपराधी लोगों के सोशल मीडिया अकाउंट से उनकी प्रोफाइल या फोटो चोरी कर लेते हैं। इसके बाद उसे डीपफेक यानी एआई की मदद से उसका कुछ भी बना सकते हैं। साइबर अपराधी सेल्फी के लिए बैंक में आपके नाम पर लोन ले सकते हैं। साथ ही बैंक अकाउंट में सेल्फी का इस्तेमाल करके पैसे भी निकाल सकते हैं। सेल्फी के जरिए साइबर अपराधी सिम कार्ड का क्लोन तैयार कर सकते हैं।

**ऐसा एक्शन**

- 4 महीनों में 3.25 लाख फ्रॉड करने वाले एकाउंट्स फ्रीज
- 3401 सोशल मीडिया, वेबसाइट, व्हाट्सएप ग्रुप बंद
- पिछले कुछ वर्षों में साइबर फ्रॉड के चलते 2800 करोड़ बचाए गए
- एमएचए ने 8 लाख 50 हज़ार साइबर विक्टिम को फ्रॉड से बचाया

### साइबर अपराध से निपटने की बड़ी तैयारी

- साइबर अपराध से जुड़े मामलों को संभालने राष्ट्रीय स्तर का कोऑर्डिनेशन सेंटर बनाना
- साइबर अपराध से जुड़ी शिकायतों को आसानी से दर्ज करने में मदद करना
- साइबर अपराध की रोकथाम के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों को मदद करना
- साइबर अपराध की प्रवृत्तियों और पैटर्न की पहचान करना.
- लोगों को साइबर अपराध से जुड़ी जागरूकता बढ़ाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करना
- फर्जी डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म की पहचान करके उसके खिलाफ कार्रवाई करना
- राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस को अलर्ट जारी करना
- साइबर कमांडो की ट्रेनिंग
- अगले पांच सालों में 5,000 साइबर कमांडो को प्रशिक्षित और तैयार करना

## नड्डा कल आएंगे, साय मंत्रिमंडल, विधायक, सांसदों के साथ करेंगे बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा गुरुवार को दोपहर तीन बजे रायपुर आ रहे हैं। यहां आने के बाद वे कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूरे मंत्रिमंडल के सदस्यों, विधायक, सांसदों के साथ सभी जनप्रतिनिधियों और प्रदेश संगठन के नेताओं की क्लास लेंगे। इसी बैठक में ही सदस्यता अभियान की समीक्षा भी होगी। एक कार्यक्रम कई लोगों को भाजपा की सदस्यता भी दिलाने का होगा। कार्यक्रम के बाद वे देर शाम को दिल्ली लौट जाएंगे।



- सदस्यता अभियान की करेंगे समीक्षा, कई को दिलाएंगे भाजपा की सदस्यता

भाजपा का देशभर में सदस्यता अभियान चल रहा है। छत्तीसगढ़ ने 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। अब तक जहां 20 लाख सदस्य बन गए हैं, वहीं बुधवार को एक ही दिन में 11 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सभी बड़े से लेकर ▶▶ शेष पेज 4 पर

*हाईकोर्ट ने शासन से पूछा*

## स्कूलों में शिक्षकों की कमी कब तक होगी दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने प्रदेश के स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर करने भर्ती कब तक होगी, राज्य शासन को यह बताने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने इसके लिए चल रही प्रकिया की जानकारी भी मांगी है। सुनवाई के दौरान शासन की ओर से वर्तमान की गई व्यवस्था की जानकारी दी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 55 स्कूलों में समायोजन

शासन की ओर से बताया गया कि दूरस्थ अंचल के 55 स्कूलों में अन्य स्कूलों से शिक्षकों का समायोजन किया गया है। बाकी स्कूलों में भी नियुक्ति प्रक्रिया की जा ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### जैसलमेर जिले में मिला संदिग्ध गुब्बारा

**जैसलमेर।** सीमावर्ती जैसलमेर जिले में एक संदिग्ध गुब्बारा मिला है। ग्राम पंचायत भू में कासम खान की ढाणी में मंगलवार की सुबह



आसमान से एक संदिग्ध गुब्बारा गिरा। लोगों ने नजदीक जाकर देखा तो गुब्बारे के साथ सफेद रंग की मशीन और एक एंटीना लगा था। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों को शक है कि सीमा पार से तो नहीं आया है।

### डेढ़ करोड़ की चरस बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**बहराइच।** रुपईडीहा सीमा पर सशस्त्र सीमा बल और यूपी पुलिस की साझा टीम ने एक नेपाली महिला मादक पदार्थ तस्कर के



कब्जे से डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा मूल्य की चरस बरामद करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया है। बरामद मादक पदार्थ नेपाल से तस्करी कर शिमला (हिमाचल प्रदेश) ले जाया जा रहा था।

### कुएं में उतरे दो मजदूरों की मौत

**बुलंदशहर।** यूपी के बुलंदशहर जिले में मंगलवार को एक बंद पडे ट्यूबवेल को शुरू करने के लिए कुएं में उतरे दो मजदूरों की मौत हो



गयी। ऐसा अंदेशा जताया जा रहा है कि गैस रिसाव से मजदूरों की मौत हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख प्रकट करते हुए मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए का मुआवजा दिये जाने के निर्देश दिए हैं।

### हाथियों के हमले में दो की गई जान


**बारिपदा।** ओडिशा के मयूरभंज जिले में मंगलवार को अलग-अलग घटनाओं में हाथियों के हमले में एक महिला समेत कम से



कम दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान मोरोदा थानाक्षेत्र के दो गांवों के रघुनाथ हेम्ब्रम (45) और सकरा हेम्ब्रम (60) के रूप में हुई है। सोनपुरिया गांव में रघुनाथ अपने घर में सो रहा था।

*लेबनान में मचाई भारी तबाही*

## इजरायल स्ट्राइक में मारा गया हिजबुल्ला कमांडर इब्राहिम



- **1600** ठिकानों पर हमला
- **585** की अब तक मौत
- **1,645** से अधिक घायल



एजेंसी ▶▶ बेरूत

गाजा के बाद अब लेबनान को श्मशान बनाने में जुटे इजरायल ने हिजबुल्लाह के आतंक के खिलाफ एक्शन शुरू कर दिया है। इजरायली सेना ने दो दशक में सबसे बड़ा अटैक किया। मंगलवार को हिजबुल्ला को तब बड़ा झटका लगा, जब उसे कमांडर को लेबनान में इजरायली एयरस्ट्राइक में ढेर कर दिया गया। लेबनान में हिजबुल्लाह के 1600 ठिकानों पर एक साथ धावा बोला।

### नेतन्याहू की लेबनान के लोगों से फिर अपील

हमलों के कुछ घंटों बाद, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने लेबनानी लोगों से संपर्क किया और उनसे हिजबुल्लाह के लिए मानव ढाल न बनने का अनुरोध किया। नेतन्याहू ने अपने संदेश में कहा कि उनका निशाना हिजबुल्लाह हैं क्योंकि उसने हमारी उत्तरी सीमा में लगातार हमलों से इजरायली लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। उत्तरी सीमा पर रह रहे लोग लगातार पलायन कर रहे हैं। हमारा काम उन्हें फिर से उनका घर देना है। इसके लिए हिजबुल्लाह को मिटाना जरूरी है।

### ईरान बोला- हमें भड़काना चाहता है इजरायल

दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह को निशाना बनाकर किए गए व्यापक इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 585 लोग मारे गए और 1,645 से अधिक घायल हो गए। इजरायल ने चेतावनी दी है कि समूह के खिलाफ हमले बढ़ेंगे और लेबनानी नागरिकों को उन क्षेत्रों से भागने की चेतावनी दी गई है जहां ईरान समर्थित आतंकवादी समूह के हथियार छिपाने की आशंका है। इस बीच ईरान का आरोप है कि इजरायल तेहरान को भड़काने के लिए हमले कर रहा है। ईरान ने इजरायल को अंजाम भुगतने की धमकी दी है।

## सिद्धि के लिए कब्र खोदकर निकाल ली महिला की लाश, हिरासत में दो आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद/रसेला

तंत्र-मंत्र की सिद्धी पाने के लिए महिला की कब्र खोदकर लाश निकाल ली। सनसनीखेज मामला सामने आने के बाद आसपास में दहशत है। इस घटना को लेकर अंचल में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही है। इस मामले को लेकर पुलिस भी अलर्ट पर है। घटना छुरा थाना क्षेत्र के सिवनी ग्राम की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एएसपी जितेंद्र चंद्राकर ने घटना की पुष्टि की है। मिली जानकारी के मुताबिक, भुखन विश्वकर्मा की ▶▶ शेष पेज 4 पर

**छुरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिवनी में दहशत**



### पहले भी सामने आया था मामला

ऐसा ही एक मामला जून 2024 में फिंगेश्वर क्षेत्र में ग्राम पसौद में आया था। जहां एक युवती के शव से शरीर के कई अंग गायब मिले थे। मामले में पुलिस ने 3 संदिग्धों को हिरासत में लिया था। बताया जा रहा है तंत्र-मंत्र के चक्कर में तीनों ने मृतका की कब्र खोदकर उसके हाथों को काट दिया था।

*मप्र में भीषण हादसा*

## ट्रक ने ऑटो को कुचला आठ की मौत, तीन गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दमोह-कटनी स्टेट हाइवे के देहात थाना क्षेत्र के समन्ना गांव में मंगलवार की दोपहर ट्रक और सवारी ऑटो की टक्कर हो गई, जिसमें ट्रक ने ऑटो को कुचल दिया। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। ऑटो में सवार कौन लोग थे, इस बात की जानकारी नहीं मिल पा रही है। घायल लोगों के लिए इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया।



### नशे में मिला ट्रक ड्राइवर

पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को पकड़ लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। छतरपुर जिले के बक्सवाहा का रहने वाला ड्राइवर नीरज सिंह लोधी (22) शराब के नशे में है। पुलिस मेडिकल जांच के लिए उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंची है। वह इतने नशे में है कि कुछ भी बोलने की हालत में नहीं है।

*यूक्रेन विवाद के बीच न्यूयॉर्क में हुई पीएम मोदी और जेलेंस्की की मुलाकात*

# पीएम ने दोहराया, शांति स्थापना भारत का स्पष्ट संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रूस और यूक्रेन युद्ध के बीच पिछले सोमवार को अमेरिका के न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में आयोजित 'भविष्य के सम्मेलन' से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय हुई। इसमें यूक्रेन के मौजूदा हालात और शांति स्थापना से जुड़े जरूरी उपायों का मुद्दा प्रमुखता से शामिल रहा। पीएम मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति के समक्ष बातचीत, कूटनीति के जरिए विवाद समाप्ति के भारत के स्पष्ट और रचनात्मक रुख को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई। विदेश मंत्रालय ने बैठक के बाद एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें ▶▶ शेष पेज 4 पर

### शांति स्थापना को लेकर मिलेगी खुशखबरी

उधर, जानकारों का कहना है कि ऐसे वक्त में जब सारी दुनिया भारत को इस विवाद में शांति स्थापित करने में एक भरोसेमंद मध्यस्थ के रूप में देख रही है। तब पीएम मोदी की राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ लगातार हो रही मुलाकातें इस बात की ओर इशारा करती हैं कि जल्द ही रूस-यूक्रेन युद्ध के मध्य भारत की मदद से दोनों देशों के बीच शांति स्थापना को लेकर कोई बड़ी खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

*यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कीव की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए भारत के दृढ़ समर्थन के प्रति जताया आभार*



### चार महीने में हुईं तीन मुलाकातें

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीते अगस्त महीने में किए गए यूक्रेन दौरे के बाद यह दूसरा मौका है। जब दोनों राष्ट्राध्यक्षों की मुलाकात हुई है। वहीं, इस साल जून में इटली में आयोजित किए गए जी-7 शिखर सम्मेलन से लेकर अब तक पीएम मोदी और राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच हुई यह तीसरी मुलाकात है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस बैठक को लेकर एक पोस्ट में बताया कि हम द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए पिछले महीने यूक्रेन की यात्रा के परिणामों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। युद्ध के समाधान को लेकर यूक्रेन के राष्ट्रपति के सामने भारत के स्पष्ट समर्थन को दोहराया।

### यूएनएससी में सुधार को अमेरिका का समर्थन

पिछले तीन दिनों के दौरान विल्मिंगटन और न्यूयॉर्क में हुई बहुराष्ट्रीय बैठकों (क्वाड, यूएनजीए सम्मेलन) में भारत समेत अन्य देशों की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार की मांग को लेकर अमेरिका व दुनिया के बाकी देशों ने सहमति जताई है। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के सम्मेलन के दस्तावेज में पहली बार 'पैक्ट ऑफ द फ्यूचर' को लेकर एक विस्तृत पैराग्राफ शामिल किया गया है।

## चिंतन

# श्रीलंका में वामपंथ की जीत भारत रखे पैनी नजर

इस साल फरवरी में अनुरा कुमारा दिसानायके जब भारत आए थे, तो किसी ने शायद ही सोचा होगा कि क़रीब सात महीने बाद वे श्रीलंका के राष्ट्रपति बनेंगे। 22 सितंबर को वे श्रीलंका के राष्ट्रपति चुने गए हैं। उनकी जीत श्रीलंका में जनता की ओर से वैचारिक तख्तापलट स्वरूप है। श्रीलंकाई मतदाताओं ने चुनावी उलटफेर में धुरंधरों को हराया और राष्ट्रपति के रूप में गरीबी के खिलाफ अभियान चलाने वाले एक वामपंथी नेता को चुनकर देश को नई दिशा के लिए मतदान किया। मार्क्सवादी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके की विजय वर्ष 2022 में देश को आर्थिक पतन के कगार पर ले जाने के लिए दोषी ठहराए गए स्थापित दलों और नेताओं को हाशिये पर धकेले जाने की प्रतीक है। महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, जातीय हिंसा, भ्रष्टाचार व गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे दक्षिण एशियाई देश श्रीलंका के राष्ट्रपति के रूप में दिसानायके की गद्दी कांटों के ताज से कम नहीं है। दिसानायके नेशनल पीपुल्स पावर गठबंधन (एनपीपी) और जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) दोनों का नेतृत्व करते हैं। मार्क्सवादी विचारधारा के आधार पर जेवीपी की स्थापना 1960 के दशक में समाजवादी क्रांति के माध्यम से सत्ता हासिल करने के उद्देश्य से की गई थी। वर्ष 1971 और 1987-89 में दो असफल सशस्त्र विद्रोहों जिनमें हजारों लोगों की जान गई थी, के बाद पार्टी लोकतांत्रिक राजनीति की ओर मुखातिब हुई और तीन दशकों से अधिक समय से इसी पर कायम है। इस चुनाव से पहले तक जेवीपी श्रीलंका के राजनीतिक परिदृश्य में तीसरी पार्टी बनी रही, जबकि सत्ता दो पारंपरिक राजनीतिक दलों यूनाइटेड नेशनल पार्टी और श्रीलंका फ्रीडम पार्टी या उनसे निकले दलों के नेतृत्व वाले गठबंधनों के बीच में ही रही। दिसानायके के नेतृत्व में 2019 में एनपीपी का गठन कई अन्य संगठनों के साथ एक समाजवादी गठबंधन के रूप में किया गया, जबकि जेवीपी मार्क्सवादी सिद्धांतों का पालन करती रही। एनपीपी ने एक मध्य-वाम, सामाजिक लोकतांत्रिक मंच का रुख अपनाया, ताकि व्यापक समर्थन हासिल किया जा सके। इन तमाम पहलों के बावजूद दिसानायके को 2019 के राष्ट्रपति चुनाव में महज तीन प्रतिशत मत मिले थे। लेकिन 2022 के आर्थिक संकट के दौरान राजनीतिक स्थिति बदल गई, सात दशकों से अधिक समय तक देश पर शासन करने वाली दो पारंपरिक पार्टियों से निराश श्रीलंकाई मतदाताओं ने एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में एनपीपी को अपनाया। पार्टी का भ्रष्टाचार विरोधी रुख दृढ़ता से प्रतिध्वनित हुआ क्योंकि कई लोगों ने आर्थिक संकट के लिए राजनीतिक भ्रष्टाचार को जिम्मेदार ठहराया। इस रुख ने दिसानायके को 42.31 प्रतिशत मत हासिल करने में मदद की। यह श्रीलंका के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, क्योंकि दिसानायके बहुमत के समर्थन के बिना चुने जाने वाले पहले राष्ट्रपति हैं। उनकी तात्कालिक चुनौती आगामी चुनावों में संसदीय बहुमत हासिल करना होगा, जो उनके प्रशासन के लिए प्रभावी ढंग से शासन करने के लिए महत्वपूर्ण है। श्रीलंका में इस परिवर्तन को भारत ने गंभीरता से लिया है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने तुरंत बधाई दी, भारतीय उच्चायुक्त दिसानायके से मिले, नए राष्ट्रपति अनुरा ने भी भारत से मजबूत संबंध के प्रति श्रीलंका की प्रतिबद्धता दिखाई। कठिन आर्थिक संकट के समय भारत ने ही श्रीलंका की मदद की थी। चूंकि अतीत में जेवीपी का रुख भारत विरोधी रहा है, इसलिए भारत को अनुरा सरकार पर पैनी नजर रखनी होगी। वैसे श्रीलंका के सामने मालदीव का सबक है।



जयंती विशेष
डॉ. रमन सिंह

एकात्म मानववाद के प्रणेता के रूप में एक ओर वे समकालीन विचारकों के बीच चमचमाते रत्न हैं। दूसरी ओर, भारतीय राजनीति में सकारात्मक, राष्ट्रवादी आग्रह और संस्कारित कार्य व्यापार के विकल्प प्रदाता के रूप में वरेण्य हैं। उनके बहुआयामी व्यक्तित्व की अनेक तेजोमय पश्मियां हैं। एक कुशल संचारक, पत्रकार, संपादक, प्रकाशक, लेखक, संगठनकर्ता, राजनेता और समाजसेवी के रूप में इन रश्मियों का आलोक हमें चमत्कृत कर देता है।

# पं दीनदयाल के विचार मानवता के लिए प्रेरणादायक

भारतीय संस्कृति की अप्रतिम विशेषता इसकी समरसता है। तरह-तरह की परंपराएं, भांति-भांति के लोग, व्यापार और लोक व्यवहार को समग्रता में देखना और स्वीकारना यहां सहज है। यही एक कारण है कि लोकतंत्र का वर्तमान संसदीय-स्वरूप हमारे यहां फल-फूल रहा है। कुछेक विसंगतियों और कमियों के होते हुए भी विश्व के सबसे विशाल लोकतंत्र के रूप में संसार-समाज हमें स्वीकार करता है। सन 1947 में अंग्रेजों से स्वतंत्र होने के बाद देश की राजनीति के विकास क्रम में इस वैचारिक परिष्कार को स्पष्ट देखा जा सकता है। पश्चिम-प्रेरित कांग्रेसवाद से भिन्न, अपनी सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय गौरव से ओतप्रोत एक विकल्प रातो-रात खड़ा नहीं हुआ। इस प्रकृति की विचार गंगा को जो भगीरथ लोगों के बीच लाए ऐसे पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का नाम उस पंक्ति में बहुत श्रद्धा और आदर के साथ लिया जाता है।



एकात्म मानववाद के प्रणेता के रूप में एक ओर वे समकालीन विचारकों के बीच चमचमाते रत्न हैं। दूसरी ओर, भारतीय राजनीति में सकारात्मक, राष्ट्रवादी आग्रह और संस्कारित कार्य व्यापार के विकल्प प्रदाता के रूप में वरेण्य हैं। उनके बहुआयामी व्यक्तित्व की अनेक तेजोमय पश्मियां हैं। एक कुशल संचारक, पत्रकार, सम्पादक, प्रकाशक, लेखक, संगठनकर्ता, राजनेता और समाजसेवी के रूप में इन रश्मियों का आलोक हमें चमत्कृत कर देता है।

वैश्वीकरण के इस दौर में पं. दीनदयाल जी के विचार धुर-पूंजीवाद और अस्ताचल उन्मुख साम्यवाद, दोनों से आगे जाकर विश्व राजनीति की एक सकारात्मक, व्यावहारिक दिशा प्रदान करने में समर्थ हैं। वसुधैव कुटुम्बकम का आदर्श किस प्रकार से व्यवहार रूप में परिणित किया जा सकता है, उसे समझना हो तो पं. दीनदयालजी का समाजार्थिक और राजनीतिक चिन्तन हमें एक कुंजी देता है।

किसी विचारक की सबसे बड़ी सफलता यह होती है कि जब समाज में अपना वर्णन सामने रखे तो यह व्यवहारिक भी हो। दीनदयाल जी की पूरी सोच इस कसौटी पर खरी उतरती है। एक राजनीतिज्ञ और कार्यकर्ता के रूप में, हमने उनके विचारों का जब क्रियान्वयन किया तो यह बात हमारे सामने स्पष्ट हुई। जिस जमाने में अमेरिका से पीएल 48 के तहत नेहरू सरकार गेहूं आयात कर रही थी उस समय दीनदयालजी ने कृषि उत्पादन की विपुलता का सिद्धान्त सामने रखकर बताया था कि हमारे उपनिषदों में अन्न अधिक उपजाना एक व्रत या प्रण है। जब छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी उस समय प्रदेश में सामने बार-बार पड़ने वाले अकाल की चुनौती थी। इस समस्या के समाधान के लिए दीनदयालजी की बातों को धरातल पर लाने सरकार ने ठानी। तय किया कि प्रदेश में धान सहित अन्य फसलों का ज्यादा से ज्यादा उत्पादन करेंगे। योजनाबद्ध ढंग से कई कार्यक्रम चलाए गए। आज नतीजा आपके सामने है। दाने-दाने को तरसने वाला छत्तीसगढ़ लगातार धान और दलहन के रिकॉर्ड उत्पादन के लिए भारत सरकार का कृषि कर्मण अवार्ड पाता है। छत्तीसगढ़ अब अपनी खाद्यान की जरूरत पूरी करने के अलावा हजारों टन धान अपने देश, यहाँ तक कि विदेशों में निर्यात करने की स्थिति में आ चुका है।

व्यवहारिक सोच का यह अद्भुत गुण दीनदयालजी में क्यों आया? क्योंकि इनकी दृष्टि समग्र और व्यापक थी। वे समस्या को, परिस्थिति को किसी एक निश्चित कोण से नहीं देखते थे। वे मानते थे समग्रता में सार है। राष्ट्र के जीवन का हर दृष्टि से अध्ययन, जगह-जगह घूमना, लोगों से मिलना उनसे जुड़ना और उन्हें जोड़ना। ऐसी चमत्कृत कर देने वाली थी उनकी साधना। तब कहीं जाकर वे अंत्योदय जैसी सर्व-कल्याणकारी अवधारणा तक पहुंच पाए। पूरे विश्व-समाज को अखंड मंडलाकार रूप में उन्होंने तभी पहचान लिया था जब अर्थव्यवस्था में ग्लोबलाइजेशन का 'ग' भी शुरू नहीं हुआ था। वे समय के पार देख सकते थे, सोच सकते थे और उसको शब्द दे सकते थे।

दीनदयाल जी महज किसी दल या संगठन या देश-विशेष के ही गौरव नहीं हैं, वे सच्चे अर्थ में विश्व मानव हैं, जिनका विराट व्यक्तित्व पूरी मानवता को समर्पित है। ऐसे महान व्यक्तित्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 108वीं जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन करते हुए, हम सभी को उनके विचारों प्रेरणा लेकर 'अंत्योदय' की उनकी परिकल्पना को साकार करने में अपना योगदान सुनिश्चित करना चाहिए।

*-लेखक छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष हैं।*

## सादा जीवन और दृढ़ संकल्प व्यक्तित्व के धनी

पंडित दीनदयाल उपाध्याय सादा जीवन, उच्च विचार और दृढ़ संकल्प व्यक्तित्व के धनी थे। वे एक मेधावी छात्र, संगठक लेखक, पत्रकार, विचारक, राष्ट्रवादी और एक उत्कृष्ट मानवतावादी थे। उनके सामाजिक, राजनीतिक और व्यक्तिगत जीवन में सबसे कमजोर और सबसे गरीब व्यक्ति की चिंता सदैव कचोटती थी।

गरीबों व मां भारती की सेवा करने के भाव को लेकर जबरदस्त उत्साह, जज्बे, जुनून और दृढ़ विश्वास के साथ, वे 1937 में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में शामिल हुए। इसके बाद जनसंघ के महासचिव के रूप में राजनीति में कदम रखा और 29 दिसम्बर 1967 को जनसंघ के अध्यक्ष बने। उन्होने 1951 से 1967 तक इस जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन किया। यह देश में कांग्रेस का राजनीतिक विकल्प था।

उन्होंने स्वामी विवेकानंद और महात्मा गांधी के एक मजबूत, जीवंत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के विचार को आगे बढ़ाने के लिए अथक प्रयास किया। पूंजीवाद और समाजवाद की जगह पण्डित दीन दयाल उपाध्याय ने स्वराज के रूप में गांधी जी द्वारा परिकल्पित नैतिक मूल्यों और लोकव्यवहार के आधार पर आर्थिक नीतियों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उनके लिए राजनीति जन सेवा का माध्यम थी। वे कहते थे कि राजनीतिक व्यक्ति को जन सेवक के रूप कार्य करना चाहिए।

स्वदेशी आर्थिक मॉडल को अपनाने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उन्होंने एकात्म-मानववाद को रेखांकित किया। इसमें समावेशी और जन समुदाय को सशक्त बनाने का विचार था। उनका मानना था कि स्वदेशी और लघु उद्योग भारत की आर्थिक योजना की आधारशिला होनी चाहिए, जिसमें सद्भाव, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय नीति और अनुशासन का समावेश हो। भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने सुशासन के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में व ग्रामीणों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने में दीन दयाल उपाध्याय जी के पदचिन्हों का अनुसरण किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में 'लोकल से वोकल' का सपना देखना वास्तव में हमारे लिए खुशी की बात है। प्रधानमंत्री जी की इस सोच में पण्डित दीन दयाल जी के विचार पूरी तरह झलकते है।

## जयंती
अशोक बजाज




# प्रधानमंत्री आवास : अंत्योदय की उपज

महान विचारक एवं राजनीतिक चिंतक पं. दीनदयाल उपाध्याय ने समाज में व्याप्त आर्थिक विषमता को दूर करने के लिए 20 वी सदी में अंत्योदय के सिद्धांत का प्रतिपादन किया था. उन्होंने जब महसूस किया कि देश में अमीरी व गरीबी के बीच की खाई दिनों दिन गहरी होती जा रही है। एक ओर जहां समाज में ऐसे लोग हैं जिसके पास बेशुमार धन संपदा है वहीं दूसरी ओर एक बड़ा तबका ऐसा भी है जिसकी कमाई सीमित है, उनके लिए अपनी दैनंदिनी की आवश्यकता की आपूर्ति करना कठिन और दुष्कर है। यह तबका आर्थिक रूप से काफी पिछड़ा हुआ है । इन्हें अपनी आजीविका के लिए दूसरों पर आश्रित रहना पड़ता है। इनका अपना कोई आशियाना भी नहीं है। अंग्रेजी हुकूमत ने इस वर्ग का काफी आर्थिक शोषण किया. उस दौर में इन्हें ना ही अपने श्रम का उचित मूल्य मिलता था और ना ही सम्मानजनक जीने का अवसर। अतः ये जमीदारों व साहूकारों के चंगुल में फंस कर गरीबी, बेकारी व भुखमरी के शिकार हो गए। उन्हें अपने जीवन यापन के लिए बंधुआ मजदूरी भी करनी पड़ी। अमीरी व गरीबी की खाई के साये में सन 1947 में आजाद भारत का जन्म हुआ लेकिन आज़ादी के बाद भी यह समस्या नासूर बनी रही। इस व्यवस्था से व्यथित पं. दीनदयाल ने कहा कि आर्थिक असमानता की खाई को पाटने के लिए आवश्यक है कि हमें आर्थिक रूप से कमजोर लोंगों के उत्थान की चिन्ता करनी चाहिए क्योंकि 'अर्थ का अभाव और अर्थ का प्रभाव' दोनों समाज के लिए घातक है। पं. दीनदयाल उपाध्याय ने कहा कि हमारे प्रयास और हमारी विकास की योजनाएं ऐसी हों कि समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति का विकास पहले हो। समाज के उपेक्षित व शोषित व्यक्ति को समाज की मुख्य धारा से जोड़कर आर्थिक समानता स्थापित करने का काम अन्त्योदय के सिद्धांत से ही हो सकता है। पं. दीनदयाल जी ने इस आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए 'अंत्योदय' के सिद्धांत का प्रतिपादन करते हुए कहा कि 'हमारी भावना और सिद्धांत है कि वह मैले कुचैले, अनपढ़ लोग हमारे नारायण हैं, हमें इनकी पूजा करनी है, यह हमारा सामाजिक व मानव धर्म है। जिस दिन हम इनको पक्के सुंदर, स्वच्छ घर बनाकर देंगें, जिस दिन इनके बच्चों और स्त्रियों को शिक्षा और जीवन दर्शन का ज्ञान देंगें, जिस दिन हम इनके हाथ और पांव की बिवाईयों को भरेंगें और जिस दिन इनको उद्योंगों और धर्मो की शिक्षा देकर इनकी आय को ऊंचा उठा देंगें, उस दिन हमारा मातृभाव व्यक्त होगा।' उनका मत था कि हमारी नीतियां, योजनाएं व आर्थिक कार्यक्रम कमजोर लोगों को ऊपर लाने की होनी चाहिए ताकि वे भी समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें और उन्हें भी समाज के अन्य वर्ग के साथ बराबरी में खड़े होने का अवसर मिल सके।

मोदी सरकार ने सामान्य लोगों के आत्मगौरव और आत्मविश्वास को बढ़ाने तथा उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने वाली अंत्योदय प्रेरित योजनाओं पर ज्यादा ध्यान केंद्रित किया है। इन दिनों शिक्षा, स्वास्थ्य व आर्थिक विकास की असंख्य योजनाएं देश भर में चल रही है। यह अंत्योदय प्रेरित योजना है जिसमें गरीब और बेघर लोगों को अपना खुद का घर बनाने के लिए सरकारी सहायता का प्रावधान है। इस योजना के तहत पिछले 10 सालों में पात्र गरीब परिवारों के लिए लगभग 4 करोड़ घर बनाए जा चुकें हैं। पी.एम.ए.वाई. के तहत, लाभार्थियों का चयन सामाजिक-आर्थिक एवं जाति जनगणना (SECC) 2011 के आंकड़ों के आधार पर किया जाता है। भारत सरकार ने अभी अभी इस योजना में बदलाव कर इसका दायरा बढ़ा दिया है। नए नियम के अनुसार जिन नागरिकों के पास टू व्हीलर, मछली पकड़ने की नाव, रेफ्रीजरेटर, लैंडलाइन फोन है या जिनकी आय 15,000 रुपए प्रतिमाह तक है उन्हें भी प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र माना जाएगा। इसके साथ साथ ही जिनके पास ढाई एकड़ सिंचित या पांच एकड़ असिंचित भूमि है, वे भी इस योजना का लाभ उठा सकेंगें. यह मोदी सरकार की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है जिसका क्रियान्वयन उन व्यक्तियों को लक्ष्य करके किया गया है जिन्हें पं. दीनदयाल उपाध्याय ने 'समाज के अंतिम व्यक्ति' की संज्ञा देकर सबसे पहले उनके उदय (विकास) की बात रखते हुये अंत्योदय का सिद्धांत प्रतिपादित किया था। मोदी सरकार लक्ष्य अन्त्योदय, प्रण अन्त्योदय व पथ अन्त्योदय के ध्येय के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं - 'घर की चाबी सम्मान, आत्मविश्वास, सुनिश्चित भविष्य, नई पहचान और बढ़ती संभावनाओ के द्वार खोलती है'। वास्तव में हर व्यक्ति का एक सपना होता है कि उसका स्वयं का एक पक्का आशियाना हो। मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना प्रारंभ कर गरीबों के इस सपने को साकार करने का काम किया है। पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का अंत्योदय प्रधानमंत्री आवास के रुप में फलीभूत हो रहा है। वास्तव में उनका यह सिद्धांत 21 वी सदी में विकसित भारत का आधार बन चुका है।

*-लेखक पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत, रायपुर*

# सफलता पाने क्यों मन पर अंकुश लगाना ज़रूरी है?



संकलित
## दर्शन

मन अधिक चंचल है, क्योंकि वह माया में रमा हुआ है। उसे जीवन सफलता के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए बड़े अंकुश की आवश्यकता होती है। परमात्मा के भय से बड़ा कोई नियंत्रक नहीं है। वह दृष्टिगोचर नहीं है। फिर भी सर्वव्यापी है। उसके कोई अधिकारी नहीं हैं। फिर भी उसका राज्य अनंत एवं व्यवस्था अति सुचारु है। उसने कोई संविधान नहीं बनाया। फिर भी वह गुण-दोष परखकर फल देता जा रहा है। परमात्मा अंतर्यामी है। कुछ भी उसकी दृष्टि से ओझल नहीं है। उसका न्याय होकर रहता है। सांसारिक विधानों से बचा जा सकता है, किंतु परमात्मा की परम शक्ति से नहीं। परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर उसके अनुसार जीवन व्यतीत करना ही दंड से बचने का एकमेव उपाय है। परमात्मा निराकार है, किंतु उसका कौतुक जीवन को प्रत्यक्षतः प्रभावित करता है। परमात्मा का सबसे बड़ा प्रभाव मनुष्य का तन है, जो पांच तत्वों जल, वायु, अग्नि, धरती और आकाश के संयोग से बना है। ये पांचों तत्व परस्पर विपरीत प्रकृति के हैं। वे एक साथ नहीं रह सकते। परमात्मा की ही महिमा है कि एक साथ जीव के तन में बस रहे हैं। इससे बड़ा चमत्कार कोई और नहीं हो सकता। परमात्मा ने अगण्य जीव रचे हैं और नित्य रचता जा रहा है। वह जीवों को रचता ही नहीं, उनका प्रतिपालन भी करता है। उसकी कृपा एवं उसका दंड पल-पल संसार में प्रकट होते हैं। वह राजा से रंक, रंक से राजा, ज्ञानी से अज्ञानी एवं अज्ञानी से ज्ञानी बना रहा है। उसकी लीला वही जानता है।

# दान की बड़ी महिमा



संकलित
## प्रेरणा

एक बार राजा भोज एक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। साथ में उनके राजकवि पंडित धनपाल भी थे। रास्ते में एक विशाल बरगद के पेड़ में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता लगा था। जो शहद के भार से गिरने ही वाला था। राजा भोज ने ध्यान से देखा तो पाया कि मधुमक्खियां उस छत्ते से अपने हाथ पैर घिस रही हैं। उन्होंने राजकवि से इसका कारण पूछा। राजकवि बोले- महाराज ! दान की बड़ी महिमा है। शिवि, दधीचि, कर्ण, बलि आदि अनेक दानियों का नाम उनके न रहने के बाद भी चल रहा है। दधीचि ने तो वज्र बनाने के लिए इंद्र को अपना कंकाल तक दान कर दिया था। कर्ण को आज सभी सबसे बड़े दानी के रूप में जानते हैं। जबकि केवल संचय करने और दान न करने वाले बड़े बड़े राजा महाराजाओं का आज कोई नाम लेने वाला भी नहीं है। इन मधुमक्खियों ने भी आजीवन केवल संचय ही किया है, कभी दान नहीं किया। इसलिए आज अपनी संपत्ति को नष्ट होते देखकर इन्हें दुःख हो रहा है। इसीलिए ये अपने हाथ पैर घिस रही हैं। अतः आवश्यकता से अधिक संचय हमेशा दुःख का कारण होता है। संचय किए हुए धन पर हमेशा राज दूसरे ही करते हैं, अतः कहा गया है की आप जितनी कमाई करते है उसका कुछ भाग अवश्य दान करे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आयुष्मान योजना की कमियों को दूर किया जाए

देश को मुफ्त इलाज की सुविधा देने के लिए केंद्र सरकार ने जो आयुष्मान योजना आरंभ की थी, उसके छह साल पूरे हो गए। इन छह सालों में यह योजना कितनी कामयाब रही, इस पर सभी के अपने-अपने विचार हो सकते हैं, लेकिन केंद्र सरकार ने हाल ही में इस योजना का विस्तार करते हुए इसके अंतर्गत 70 साल से ऊपर हर वर्ग के बुजुर्गों को इसमें शामिल किया। यह सरकार का बहुत ही अच्छा प्रयास है और उम्मीद है कि भविष्य में सरकार इस योजना का विस्तार करेगी जिससे देश के हर नागरिक को इसका लाभ पहुंचेगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने माना है कि भारत में प्रति व्यक्ति औसतन लगभग 6500 रुपए बीमारियों पर ही बर्बाद होते हैं। आयुष्मान योजना की कमियों को दूर किया जाना चाहिए। - *सत्येंद्र त्रिपाठी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### यूएसए यात्रा उपयोगी




यह एक उपयोगी यूएसए यात्रा रही है, जिसमें विविध कार्यक्रमों को शामिल किया गया और हमारे ग्रह को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया। **-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### रोजगार के अवसर छीने



10 वर्षों में भाजपा ने हरियाणा समेत देशभर के युवाओं से रोज़गार के अवसर छीनकर उनके साथ घनघोर अन्याय किया है। टूटे भरोसे और हारे मन से मजबूर होकर युवा 'यातनाओं की यात्रा' कर रहे हैं। भारत लौटने पर उनके परिवार से मिला तो उनकी आंखें दर्द से छलक उठीं। **-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

## जयंती
भावना बोहरा



# नए भारत के निर्माण की राह दिखाने वाले पंडित दीनदयाल

पं. दीनदयाल उपाध्याय भारतीय राजनीति के एक प्रमुख विचारक हुए जिन्होंने भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीयता और अंत्योदय के विकास पर देश की राजनीति को एक नई दृष्टि दी। 'अंत्योदय' का सिद्धांत विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए समर्पित है।

स्वतंत्रता के बाद एक तरफ जहां भारत प्रगति के नए सपने देख रहा था वहीं दूसरी ओर समाज की पंक्ति में आगे खड़े लोगों की दुर्दशा पंडित जी को बेचैन कर रही थी। उन्हें लग रहा था कि देश की तत्कालीन राजनीतिक व्यवस्था इस अंतर को मिटाने में सक्षम नहीं है क्योंकि व्यवस्था का दृष्टिकोण भारतीय नहीं है। इस उद्देश्य से उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए अंत्योदय को एक मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में प्रस्तुत किया। दीनदयाल जी का मानना था कि विकास का असली मतलब केवल आर्थिक वृद्धि नहीं, बल्कि समाज के सबसे कमजोर वर्ग के उत्थान में है। किसी भी समाज की सच्ची प्रगति उस समाज के अंतिम व्यक्ति की भलाई से मापी जाती है। दीनदयाल जी के अंत्योदय का सिद्धांत न केवल आर्थिक विकास पर केंद्रित है, बल्कि इसमें सामाजिक न्याय और समानता भी शामिल है। उपाध्याय का मानना था कि जब तक समाज का अंतिम व्यक्ति अपने अधिकारों और संसाधनों से वंचित रहेगा, तब तक वास्तविक विकास संभव नहीं है।



पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों से प्रेरित और अंत्योदय के प्रति समर्पित हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी भी राष्ट्रनिर्माण की दिशा में अपने तीसरे कार्यकाल में सतत समर्पित हैं। विगत 10 वर्षों में श्री मोदी जी को सरकार ने देश के अन्नदाताओं के लिए किसान सम्मान निधि के माध्यम से प्रतिमाह 6000 रुपए की राशि सुनिश्चित की है, जिसके माध्यम से 2.25+ लाख करोड़ रुपए सीधे किसानों के खातों में जमा हुए हैं। इसके साथ ही श्री मोदी जी के नेतृत्व में 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया है। इसके साथ ही लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए श्री मोदी जी ने 33% आरक्षण की सौगात भी दी है। तीन तलाक से मुस्लिम महिलाओं को आजादी दिलाने से लेकर गांव-गरीब-मजदूर तक ढ़ेरों योजनाएं संचालित कर माननीय श्री मोदी जी ने सबका साथ सबका विकास के लक्ष्य को धरातल पर साकार किया है।

छत्तीसगढ़ में इसी अंत्योदय के विचार पर चलते हुए भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की जरूरतमंदों के लिए 1 किलो चावल, निशुल्क नमक, आदिवासी अंचल में निःशुल्क चरण पादुकाओं का वितरण समेत ढ़ेरों योजनाएं संचालित की। इसके साथ ही आज माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में प्रदेश की 70 लाख माताओं-बहनों को प्रतिमाह 1000 का आर्थिक सहयोग, 18 लाख जरूरतमंदों के लिए प्रधानमंत्री आवास समेत कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं आज छत्तीसगढ़ का नेतृत्व भी एक ऐसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के हाथ में हैं। जो अंत्योदय के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं वह आदिवासी समाज जिसे पंक्ति में सबसे पीछे समझा जाता था आज वह हम सभी छत्तीसगढ़वासियों का नेतृत्व कर रहे हैं।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के सिद्धांत में स्वावलंबन की भावना भी निहित है, ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षा को अंत्योदय के लिए एक महत्वपूर्ण साधन माना। उनका मानना था कि शिक्षा ही लोगों को अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक कर सकती है।

दीनदयाल उपाध्याय का जीवन और उनके विचार भारतीय समाज के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत हैं। उनका अंत्योदय का सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है और यह दर्शाता है कि समाज के अंतिम व्यक्ति की भलाई के बिना सच्चा विकास संभव नहीं है। उपाध्याय जी की सोच और दृष्टि हमें यह सिखाती है कि एक सशक्त और समान समाज की स्थापना के लिए हमें मिलकर प्रयास करना होगा। उनके विचारों को अपनाकर हम एक ऐसा समाज बना सकते हैं जहाँ हर व्यक्ति का सम्मान हो और हर किसी के अधिकार सुरक्षित हों।

*-लेखक विधायक, पंडरिया विधानसभा*

# 'ऑल वी इमेजिन...' को ऑस्कर में नहीं भेजा

**मुंबई।** फिल्म 'लापता लेडीज' को भारत की तरफ से ऑस्कर 2025 में भेजा जा रहा है। किरण राव के निर्देशन में बनी इस फिल्म को फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में चुना है। फिल्म की इस उपलब्धि पर सभी सितारे बेहद खुश हैं। 'लापता लेडीज' में मंजू माई के किरदार में नजर आईं छाया कदम ने भी अपनी खुशी जाहिर की है। लेकिन, साथ ही वे दुखी भी हैं। उन्हें इस बात का मलाल है कि फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' को भारत की ओर से ऑस्कर में नहीं भेजा गया है। छाया कदम का कहना है कि वे अपनी दोनों फिल्मों को ऑस्कर में देखना चाहती थीं और ऐसा होता तो उन्हें अच्छा लगता। 'लापता लेडीज' को एंट्री मिलने पर छाया कदम ने कहा, 'यह गर्व का पल है। मैं 'लापता लेडीज' के लिए खुश हूं। लेकिन साथ ही पायल की फिल्म के लिए भी थोड़ा खराब लग रहा है। हालांकि, इसका फैसला भी फिल्म फेडरेशन के बड़े लोगों ने किया है, इसलिए इसमें मेरी कोई भूमिका नहीं है। मैं दोनों फिल्मों को ऑस्कर में देखना पसंद करती'।



# 'आजकल प्यार जल्दी खत्म हो जाता है', युवा पीढ़ी में बढ़ते तलाक पर आशा भोसले को हुई चिंता, कहा- मैंने तो नहीं किया

*मुंबई। दिग्गज सिंगर आशा भोसले ने युवा पीढ़ी में तलाक के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई है। हाल ही में, सिंगर आध्यात्मिक नेता रविशंकर के साथ बातचीत कर रही थीं, जब उन्होंने उनसे इसके पीछे का कारण पूछा और युवा कपल्स के बीच इतनी जल्दी खत्म हो रहे प्यार पर हैरानी जताई। आशा भोसले ने ये भी कहा कि भले ही उन्हें अपने पति के साथ समस्याएं थीं, लेकिन उन्होंने कभी भी अपनी शादी को खत्म करने जैसा कठोर कदम नहीं उठाया। आशा भोसले ने कहा, 'मेरे पति के साथ भी दिक्कतें थीं लेकिन मैंने अपने पति को कभी तलाक नहीं दिया। हालांकि, आजकल, मैं हर महीने तलाक के कागजात भेजने वाले कपल्स के बारे में सुनती हूं। ऐसा क्यों हो रहा है गुरुदेव।'*

### पहले लोग ऐसे कठोर कदम नहीं उठाते थे

उन्होंने आगे कहा, 'मैंने अपने अधिकांश साल फिल्म इंडस्ट्री में बिताए हैं और कई लोगों को देखा है लेकिन पहले वे कभी भी ऐसे कठोर कदम नहीं उठाते थे जैसे अब की पीढ़ी उठाती है। मुझे लगता है कि उनके बीच का प्यार बहुत जल्द खत्म हो जाता है और वे एक-दूसरे से जल्दी बोर भी हो जाते हैं। शायद यह सबसे बड़े कारणों में से एक है।' आशा भोसले एक ऐसा नाम है जिन्हें किसी परिचय की जरूरत नहीं है। बॉलीवुड में सिंगर के तौर पर काम करना आशा के लिए सिर्फ एक सपना ही नहीं, बल्कि एक जरूरत भी थी। सभी अश्लील और उदास गाने उनकी झोली में आ जाते थे। उन्होंने अपने दरवाजे पर दस्तक देने वाले हर ऑफर को लिया। 8 सितंबर को आशा भोसले 91 साल की हो गई हैं। आइए इस मौके पर उनकी लव स्टोरी और शादी से जुड़ी बातें बताते हैं।

### शादी की वजह से बहनों के बीच पड़ गई दरार

आशा को अपना पूरा परिवार छोड़कर अपने 31 वर्षीय पति के साथ रहना पड़ा। उनकी शादी की वजह से उन बहनों के बीच दरार पड़ गई, जो एक समय में बहुत अच्छी दोस्ती रखती थीं। आशा के बेटे हेमंत के जन्म के बाद ही मंगेशकर परिवार ने उन्हें स्वीकार किया। चीजें फिर से ठीक होने लगी थीं और परिवार एकजुट होने लगा था, लेकिन गणपतराव अपनी पत्नी को अपने परिवार, खासकर अपनी बहन लता के करीब जाने के पक्ष में नहीं थे।



### लता मंगेशकर के सेक्रेटरी से की शादी

गौरतलब है कि आशा भोंसले अपनी बहन लता मंगेशकर के सेक्रेटरी 31 वर्षीय गणपतराव भोंसले के साथ तब भाग गईं जब वह सिर्फ 16 साल की थीं। उन्होंने अपने परिवार की इच्छा के खिलाफ शादी की और उनके तीन बच्चे थे। हालांकि, 1960 में दोनों अलग हो गए। फिर आशा ने 1980 में आरडी बर्मन से शादी की और 1994 में उनकी मौत हो गई।

### सबसे ज़्यादा गाने रिकॉर्ड करने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

आज, उनके पास सबसे ज़्यादा गाने रिकॉर्ड करने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड है। वह अभी भी बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा सिंगर्स में से एक हैं, लेकिन उनकी निजी जिंदगी बुरी तरह तबाह हुई थी। आशा को गलत आदमी से प्यार हो गया और इसने उनके जीवन को इस तरह प्रभावित किया, जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी।

### परिवार के लिए फिल्मों में गाना किया शुरू

सांगली के राजसी गांव में आशा का जन्म मास्टर देनानाथ मंगेशकर के घर हुआ था। संगीत उनकी रगों में बहता है। अपने पिता की मौत के बाद वह 9 साल की उम्र में अपने परिवार के साथ कोल्हापुर चली गईं। अपनी बड़ी बहन लता मंगेशकर के साथ आशा ने परिवार के लिए रोजी-रोटी कमाने के लिए फिल्मों में गाना शुरू कर दिया। अपने संघर्ष के दिनों में ही आशा ने एक ऐसा कदम उठाया जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। वह गणपतराव भोसले के साथ रिलेशनशिप में थीं जो लता मंगेशकर के सेक्रेटरी थे। उस समय आशा की उम्र सिर्फ 16 साल थी। लता ने तुरंत अपनी छोटी बहन को त्याग दिया और मंगेशकर परिवार ने उनसे सारे रिश्ते खत्म कर लिए।

# एक कत्ल, पुलिस अफसर पर आरोप और क्राइम शो, साढ़े सात करोड़ में बनी इस फिल्म ने कमाए थे 24.45 करोड़

**नई दिल्ली।** बहुत सी फिल्म ऐसी होती हैं, जो बहुत लंबे चौड़े प्रमोशन के बाद रिलीज होती हैं। बड़े बजट से तैयार होती हैं और बड़े नाम लेकर पर्दे पर उतरती हैं। कई सौ करोड़ में बनी ये फिल्में जब बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित होती हैं तो बहुत बड़ा नुकसान होता है। जबकि कई बार ऐसा होता है कि फिल्म बहुत छोटे बजट में बनकर तैयार होती है। लेकिन, बॉक्स ऑफिस पर ऐसा कमाल दिखाती है कि वो जम कर पैसे भी कूटती हैं और दर्शकों को भी बहुत पसंद आती है। ऐसी ही एक फिल्म इस साल भी रिलीज हुई और बॉक्स ऑफिस पर खूब कमाल दिखाया। अपने परफॉर्मेंस के दम पर फिल्म अपनी लागत से कहीं ज्यादा कमाई करने में कामयाब रही।

***तलावन का बजट और कलेक्शन :*** जिस फिल्म की हम बात कर रहे हैं, उसका नाम है तलावन। ये फिल्म इसी साल रिलीज हुई 24 मई को। फिल्म मलयालम भाषा में बनी है जो मूल क्राइम थ्रिलर है। फिल्म को मलयालम मूवीज के डायरेक्टर जिस जोय ने डायरेक्ट किया। फिल्म में बीजू मेनन, आसिफ अली, मिया जॉर्ज, अनुश्री, दिलशीन पोत्थन और कोट्टायम नजीर मौजूद थे। फिल्म को क्रिटिक्स ने खूब जमकर सराहा औऱ ऑडियंस को भी फिल्म बहुत पसंद आई। जिसका नतीजा ये हुआ कि 7.50 करोड़ रूपये में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर से 24.45 करोड़ रु. का कारोबार किया।



### तलावन किस ओटीटी पर है?

तलवान की कहानी रिटायर्ड डीएसपी उदयभानु की है। जो एक टीवी प्रोग्राम करते हैं। इस प्रोग्राम में वो पांच साल पुराने एक केस पर डिस्कशन करते हैं। पुराने केस के बारे में बात करते हुए डीएसपी उदयभानु बताते हैं कि उस केस को सुलझाने के लिए उन्होंने कितने पुलिस स्टेशन के चक्कर काटे। इस टीवी शो के आसपास कहानी बुनी गई है। जिसकी वजह से फिल्म काफी इंटरेस्टिंग बन गई है। तलावन को ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर देखा जा सकता है। ये हिंदी में भी उपलब्ध है।

# रितुपर्णा व शर्मिला की 'पुरातन' के नाम दो पुरस्कार....

***नई दिल्ली।** अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता और शर्मिला टैगोर की फिल्म 'पुरातन' ने हाल ही में दो प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते हैं। इसी के साथ रितुपर्णा के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। रितुपर्णा को 'डीसी साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल' में 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री' और 'सर्वश्रेष्ठ फिल्म' के पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस सफलता के बाद, रितुपर्णा और शर्मिला टैगोर दोनों को एक विशेष स्क्रीनिंग के लिए 'इंडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ बोस्टन' में आमंत्रित किया गया, जहां शर्मिला टैगोर को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया।*



इस मौके पर शर्मिला टैगोर की बेटी सबा अली खान पटौदी भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहीं और तीनों ने एक साथ कई विषयों पर चर्चा की। दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर 14 साल के बाद बंगाली सिनेमा में वापसी कर रही हैं। यह फिल्म गहरे भावनात्मक विषयों पर आधारित है, जो मां-बेटी के बीच के मार्मिक रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती है। यह फिल्म रितुपर्णा के बैनर 'भावना आज ओ कल' के तहत बनाई जा रही है। 'पुरातन' एक ऐसी फिल्म है जिसमें तीन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता रितुपर्णा, शर्मिला और सुमन एक साथ काम कर रही हैं।

# बेचैन कर देगा 'द सिग्नेचर' का ट्रेलर

**मुंबई।** बुढ़ापे की दहलीज! उम्र का वह पड़ाव जिसके लिए इंसान आराम करने के सपने बुनता है। बच्चे अपनी जिम्मेदारियों में रमे होते हैं और बुजुर्ग एक-दूसरे की जिंदगी का सहारा बनते हैं। लेकिन, बुजुर्गावस्था की कुछ चुनौतियां भी हैं और कुछ कड़वे सच भी। फिल्म 'द सिग्नेचर' के ट्रेलर में इसकी झलक बखूबी नजर आई है। अनुपम खेर, महिमा चौधरी और रणवीर शौरी जैसे सितारों से सजी फिल्म 'द सिग्नेचर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जी-5 पर रिलीज होगी। फिल्म का प्रीमियर 4 अक्टूबर से होगा। फिल्म का निर्देशन गजेंद्र अहीरे ने किया है। अनुपम ने भी फिल्म का ट्रेलर इंस्टाग्राम पर साझा किया है और कैप्शन लिखा है, 'मेरे करियर में कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिन्होंने मुझे मेरे अंदर के एक्टर को



चैलेंज करके अपना सब कुछ देने का अवसर भी दिया और साथ में जीवन के कुछ पहलुओं का एहसास भी कराया। फिल्म की कहानी कुछ ऐसे ही है। आपके जीवन में कभी भी अगर कोई हॉस्पिटल में जीवन से जूझ रहा हो और आप असहाय हो तो इस फिल्म की कहानी आपको झकझोर सकती है'।

# तेलुगु में गाया देवरा का चुट्टामल्ले गाना

*आलिया भट्ट ने हाल ही में देवरा का चुट्टामल्ले गाना गाया और जूनियर एनटीआर और करण जौहर को अपने हुनर से इंप्रेस कर दिया। वीडियो को मंगलवार, 24 सितंबर को फिल्म के सोशल मीडिया हैंडल से साझा किया गया और अब यह गाना जमकर वायरल हो रहा है।*



एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रशंसकों ने आलिया द्वारा तेलुगु गाना गाए जाने की सराहना की। इस वीडियो क्लिप में आप देख सकते हैं कि आलिया और जूनियर एनटीआर द्वारा करण जौहर को उनकी आगामी फिल्म जिगरा और देवरा के लिए दिए एक साथ नजर आए। इस दौरान आलिया ने गाने का मूल, तमिल संस्करण गाया और जूनियर एनटीआर उनके गाने से काफी इंप्रेस हुए। आलिया के तेलुगु में गाना गाने पर प्रशंसक उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'बहुत सुंदर गायन।'

एक और फैन ने लिथा, 'आलिया की आवाज बेहद प्यारी है।' एक और फैन ने लिखा, 'वाह, आलिया का गायन शानदार है।' एक फैन ने लिखा, 'आलिया की गायकी बहुत प्यारी है, बिल्कुल उनकी तरह।' एक और फैन ने लिखा, 'आलिया का तेलुगु में गायन सुंदर है।' देवरा 27 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस फिल्म का निर्देशन कोरटाला शिवा ने किया है और यह जूनियर एनटीआर की आरआरआर के बाद पहली रिलीज है। फिल्म में जान्हवी कपूर और सैफ अली खान भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। जान्हवी-सैफ और जूनियर एनटीआर के अलावा फिल्म में श्रुति मराठे, प्रकाश राज, श्रीकांत, शाइन टॉम चाको और नारायण भी खास भूमिकाओं में नजर आएंगे।

**RAIPUR DEVELOPMENT AUTHORITY**
Bhakta Mata Karma Complex, New Rajendra Nagar, RAIPUR (Chhattisgarh) 492006
Website : https://rda.cgstate.gov.in, Email : ceordaryp@gmail.com, Tele Fax : 0771-2536188

**NIT No. 25, Dated: 24.09.2024, System Tender No.-158992 Dated 24.09.2024**
**5th Call NIT for Balance work for construction of 253 Units EWS (2BHK) Row Houses in Sector-01, 02, 8A, 8B, 10, 11B 14A and 14B of TDS-04, Kaushalya Mata Vihar, Raipur (C.G.)**

Raipur Development Authority (RDA) invites **"Percentage Rate"** Form **"A"** **tenders from** eligible contractors registered in **Class D & above under unified registration system in CGPWD with valid UIN or Equivalent Registration in any state Govt. Dept./Central Govt. Dept./PSU** and qualifying the Pre-qualification Criteria as detailed in the tender Document. The tender documents can be downloaded from **https://eproc.cgstate.gov.in** from 05:30 PM on **24.09.2024** to 03:30 PM on **01.10.2024** & Last Date of Physical Submission is **03.10.2024** upto 5:30 PM, Date of opening of Technical proposals is **04.10.2024** 11:00 AM onwards, Probable Amount of Contract is **Rs 1392.21 Lakhs,** EMD **Rs. 10.00 Lakhs** & Cost of Tender Document **Rs. 30,000/-** & Processing Fee **Rs. 311/-** at office of the Chief Executive Officer, Raipur Development Authority, Raipur Chhattisgarh. Any amendments(s)/Corrigendum (s) shall be posted only on the website **https://eproc.cgstate.gov.in.**

**Executive Engineer**

### शाहरुख के बड़े फैन हैं क्रिस मार्टिन

**नई दिल्ली।** मशहूर बैंड कोल्डप्ले के सिंगर क्रिस मार्टिन बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के बड़े फैन हैं। ऐसे में जब कोल्डप्ले 2025 में भारत आने के लिए तैयार हैं और इसकी सभी टिकट एडवांस में बिक चुकी हैं, लोगों को क्रिस मार्टिन का पुराना पॉपुलर ट्वीट याद आ रहा है, जिसमें सिंगर ने बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान के लिए अपनी दीवानगी जग जाहिर की थी। मार्टिन ने ये ट्वीट 2019 में किया था और इस ट्वीट में उन्होंने शाहरुख खान की तारीफ की थी। इसके बदले में शाहरुख खान ने भी क्रिस को बेहद प्यारा जवाब दिया था। 2019 में एक्स पर किए ट्वीट में क्रिस मार्टिन ने शाहरुख खान के लिए अपना प्यार दिखाया था। इस ट्वीट में सिंगर ने लिखा था, 'सभी को नमस्ते। मुझे उम्मीद है कि आप सभी ठीक होंगे। असल में ठीक से भी बेहतर। भारत में कुछ संगीत है जो मुझे इस समय काफी पसंद है।



**IndusInd Bank**

**VEHICLES/MACHINERY AUCTION NOTICE**

**Online/ Offline bids are invited for the sale of the following vehicles/machinery, on 'as is where is' basis:**

| Sl.No. | Branch | Deal No. | Customer Name | Registraion No. | Yard |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bilaspur | AA4C97665 | J SANTOSH KUMAR | CG10AA0087 | ABHISHEK DUBY ASSOCIATES, SHAHDOL, MP |
| 2 | Raigarh | FBE01319C | P AKASH | CG13AT0106 | SAGAR YARD, SAGAR PARKING YARD |
| 3 | Raipur | FRO02527C | M MOHAN | CG13X5585 | KOMAL CHATTARI YARD, RAIPUR |
| 4 | Raipur | FRO03108C | M GIRIJA | CG04MM5661 | KOMAL CHATTARI YARD, RAIPUR |
| 5 | Dhamtari | FRT01072C | G SUNIL | CG17KW6600 | HIGH TECH PARKING, RAIPUR |
| 6 | Ambikapur | FBW01375C | A MD KAMAL | CG10AE2670 | MAHAMAYA YARD, AMBIKAPUR |

For any queries or inspection of the vehicles, please contact us at: Indusind Bank Ltd, 3rd Floor, Ravi Bhawan, Raipur (C.G.) **Call: 0771-4255804, Last Date : 01st October, 2024.**
The borrowers/co-borrowers/successors/heirs concerned are hereby once again called upon to clear their dues before the above mentioned last date, failing which we shall be constrained to sell the vehicle and recover from them further loss, if any.
**-Authorized Officer**
**Date : 25th September, 2024, Raipur** **www.indusind.com**
"Now View, Select and Bid on your favourite Bike/Car online! Register on https://induseasywheels.indusind.com"

### 'मेगालोपोलिस' का हुआ प्रीमियर

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी अभिनेता और फिल्म निर्माता रॉबर्ट डी नीरो की नई फिल्म 'मेगालोपोलिस' का प्रीमियर 23 सितंबर को न्यूयॉर्क के एएमसी लिंकन स्क्वायर में हुआ। इस अवसर पर फिल्म की स्टारकास्ट के अलावा कई मशहूर हस्तियां नजर आईं। डी नीरो ने अपनी फिल्म के बारे में चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर भी चर्चा की। 'मेगालोपोलिस' एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है, जिसे डी नीरो ने 20 सालों में तैयार किया है। इस फिल्म में शहरी जीवन, राजनीति और समाज की जटिलताओं को दिखाया गया है।



# भविष्य में समुद्री खतरों में वृद्धि होगी ऐसे में हमें सतर्क और तैयार रहना ही होगाः राजनाथ सिंह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज मंगलवार को 41वीं भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) कमांडरों की कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। यह कॉन्फ्रेंस 26 सितंबर तक भारतीय तटरक्षक मुख्यालय, नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। वरिष्ठ तटरक्षक कमांडरों की इस कॉन्फ्रेंस में समुद्री सुरक्षा की बढ़ती जटिलताओं से जुड़ी रणनीतिक, संचालन और प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। रक्षा मंत्रालय ने इस कॉन्फ्रेंस को भारतीय तटरक्षक बल के भविष्य की दिशा तय करने में अहम बताया। इस दौरान, रक्षा मंत्री ने तटरक्षक बल के वरिष्ठ कमांडरों से बातचीत की। राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय सुरक्षा में उभरती नई तकनीकों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया इस समय एक प्रौद्योगिकी क्रांति के दौर से गुजर रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम टेक्नोलॉजी और ड्रोन के इस युग में सुरक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव हो रहे हैं।



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि./यॉं.) मंडल रायपुर (छ.ग.)

ज्ञाप क्रमांक / कार्य / वि/यॉं / 2024-25 रायपुर, दिनांक /09/2024 एन.आई.टी 04 2024-25

N.I.T. Schedule for providing 500 no's & more of vehicle on hire basis charges for IRC 83rd session from 8 nov.2024- 11 nov. 2024 at science college campus Raipur (C.G.)

| स. क्र. | वाहन का प्रकार | विवरण | फर्म द्वारा भरे गये दर |
|---|---|---|---|
| 1 | A.C. VEHICLE Like :- Toyta Crysta / MG Hector/ Mahindra XUV 700 / Tata Safari / Kia seltos | 1. प्रति दिवस दर 100 कि.मी. 12 घण्टे तक | |
| | | 2. प्रति दिवस के निर्धारित सीमा से अधिक पर अतिरिक्त किराया प्रति कि.मी. | |
| | | 3. वाहन चालक भत्ता निर्धारित 12 घण्टे के अतिरिक्त प्रति घण्टा | |
| 2 | A.C. VEHICLE Like :- Honda City / Maruti ciaz / Hyundai Verna /Volkswagen / Innova | 1. प्रति दिवस दर 100 कि.मी. 12 घण्टे तक | |
| | | 2. प्रति दिवस के निर्धारित सीमा से अधिक पर अतिरिक्त किराया प्रति कि.मी. | |
| | | 3. वाहन चालक भत्ता निर्धारित 12 घण्टे के अतिरिक्त प्रति घण्टा | |
| 3 | A.C. VEHICLE Like :- Dzire / Honda amaze / Maruti XL6 / Tata Nexon Maruti Ertiga / Maruti Breza / Grand Vittara / Bolero / Scorpio | 1. प्रति दिवस दर 100 कि.मी. 12 घण्टे तक | |
| | | 2. प्रति दिवस के निर्धारित सीमा से अधिक पर अतिरिक्त किराया प्रति कि.मी. | |
| | | 3. वाहन चालक भत्ता निर्धारित 12 घण्टे के अतिरिक्त प्रति घण्टा | |
| 4 | 32 Seater A. C. Bus | 1. प्रति दिवस दर 100 कि.मी. 12 घण्टे तक | |
| | | 2. प्रति दिवस के निर्धारित सीमा से अधिक पर अतिरिक्त किराया प्रति कि.मी. | |
| | | 3. वाहन चालक भत्ता निर्धारित 12 घण्टे के अतिरिक्त प्रति घण्टा | |

**वाहन किराए से लिये जाने हेतु शर्ते निम्नानुसार उल्लेखित है :-**

1. किराए पर उपलब्ध कराये जाने वाले वाहन का मॉडल वर्ष 2020 या उसके बाद का होना चाहिये
2. वाहन के मरम्मत एवं रख-रखाव दुर्घटना दावा एवं समस्त अन्य खर्चे वाहन मालिक द्वारा वहन किया जावेगा ।
3. वाहन चालक का समस्त व्यय ( पार्किगं शुल्क) वाहन मालिक द्वारा किया जावेगा।
4. वाहन चालक के अवकाश में रहने या अस्वस्थ होने पर तत्काल दुसरे वाहन चालक की व्यवस्था करना अनिवार्य है ।
5. वाहन में फास्टेग की सुविधा अनिवार्य होगी इसका वहन फर्म द्वारा किया जावेगा ।
6. उपयोग के द्वौरान वाहन के खराब होने की स्थिति में समतुल्य वाहन तत्काल उबलब्ध कराना अनिवार्य होगा ।
7. वाहन चालको का ड्रेस कोड में होना अनिवार्य है।
8. एयरपोर्ट, बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन एवं आई. आर. सी. के कार्यक्रम सांईन्स कॉलेज मैदान परिसर में हेल्प डेस्क बनाया जाना अनिवार्य होगा ।
9. फर्म के पास वाहन टैक्सी परमिट होना चाहिये । छ.ग. परिवहन विभाग द्वारा जारी जीवित वाहन पंजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न करें ।
10. वाहन चालक द्वारा तम्बाकु शराब सिगरेट इत्यादि के सेवन एवं अभद्र व्यवहार की दशा में संम्पूर्ण जवाबदारी फर्म की होगी
11. वाहन चालको को भोजन एवं नाश्तें की व्यवस्था फर्म द्वारा किया जावेगा । विभाग द्वारा अलग से कोई भुगतान नहीं होगा
12. वाहन के समस्त जीवित बीमा तथा फिटनेश प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। उपरोक्त सभी का भुगतान वाहन मालिक द्वारा किया जावेगा ।
13. वाहन मुख्यालय के बाहर जाने पर कोई अतिरिक्त राशि देय नही होगी।
14. उपरोक्त दरों में सभी तरह के कर शामिल होगें । इसके अतिरिक्त अन्य कोई भी भुगतान नहीं किया जावेगा ।

इच्छुक प्रतिभागी दिनांक **28.09.2024** तक (केवल कार्यालय दिवस पर) इस कार्यालय में उपस्थित होकर अभिव्यक्ति प्रपत्र प्राप्त कर सकते है, तथा भरा प्रपत्र दिनांक **30.09.2024** तक कार्यालय अधीक्षण अभियंता लो.नि.वि. (वि./ यां.) मंडल रायपुर (छ.ग.) सिरपुर भवन में स्पीड पोस्ट द्वारा ही प्रस्तुत किया जा सकता है।

**सहपत्र :- उपरोक्तानुसार ।**

**अधीक्षण अभियंता,**
**लो. नि. वि. (वि./यां.) मंडल**
**रायपुर (छ.ग.)**

G- 242502743/1

## पूर्व तट रेलवे

निविदा सूचना सं.: WAT-TRD-17-24-25, दिनांक: 17.09.2024

**कार्य का नामः** वाल्टियर मंडल के 10 (दस) ट्रैक्शन सब–स्टेशनों पर तीन वर्षों की अवधि के लिए टीएसएस परिचालनों की आउटसोर्सिंग।

**विज्ञापित मूल्यः** ₹3,30,75,460.50

ईएमडी: ₹3,15,400/-, निविदा दस्तावेज कीमत: ₹ 29,500/-

पूर्णता अवधि: एलओए की तिथि से 36 (छत्तीस) माह।

निविदा सूचना सं.: WAT-TRD-30-24-25, दिनांक: 17.09.2024

**कार्य का नामः** वाल्टियर मंडल फेस–1 की KK लाइन में कमजोर ओएचई संरचनाओं और संबंधित उपकरणों का प्रतिस्थापन।

**विज्ञापित मूल्यः** ₹2,93,09,357/-

ईएमडी: ₹2,96,600/-

पूर्णता अवधि: 10 (दस) माह

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 10.10.2024 को 1500 बजे।

निविदा दस्तावेज पूर्ण विवरण www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है ।

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी)
वाल्टियर

PR-547/P/24-25

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

### रख-रखाव कार्य हेतु निविदा सूचना

निविदा सूचना क्र. सीनियर डी.ई.ई. (आर.एस. &जी.) बी.एस.पी. / ओ.टी.पी. / 24–25 / 14 दिनांक : 13.09.2024. कार्य का नाम : बिलासपुर मंडल की सामान्य सेवाओं की विद्युत परिसंपत्तियों में सुधार / उन्नयन। निविदा मूल्य : ₹ 1,90,50,543.35 / –, अमानत राशि : ₹ 2,45,300 / –, निविदा बंद होने की तिथि व समयः 07.10.2024 के 15:00 बजे। विस्तृत जानकारी / निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज जो हमारी वेबसाइड www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उससे डाउनलोड कर देख सकते हैं।

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता
(आर.एस. एवं सामान्य)

सीपीआर/10/PR/247

South East Central Railway @secrail

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

### शुद्धि पत्र

इस प्रमंडल द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या RDD/SD/KHUNTI/02/2024-25(2nd Call) जिसका पी.आर. संख्या 336418 RURAL DEVELOPMENT (2024-25) D है, जिसे निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| क0 सं0 | विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि / समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 21.09.2024 से 27.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक | 23.09.2024 से 28.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 2 | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 28.09.2024 अपराह्न 5:00 बजे | 30.09.2024 अपराह्न 5:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
खूँटी

PR 336881 Rural Development(24-25)#D

# 8 कांग्रेसी पार्षद भाजपा में शामिल, निर्दलीय बना मेयर

## जयपुर नगर निगम में बड़ा फेरबदल

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी में बड़ा सियासी उलटफेर देखने को मिला हूं। यहां कांग्रेस को बड़ा झटका देते हुए 8 पार्षद बीजेपी में शामिल हो गए, इसके बाद बीजेपी सरकार ने जयपुर हेरिटेज नगर निगम मेयर मुनेश गुर्जर को हटाने के बाद अब निर्दलीय पार्षद कुसुम यादव को कार्यवाहक मेयर बना दिया हूं। राजस्थान की भजनलाल सरकार ने कांग्रेस की मेयर मुनेश गुर्जर को एसीबी में भ्रष्टाचार के मामले के चलते निलंबित कर दिया था। कुसुम यादव बीजेपी के टिकट पर भी 2020 में पार्षद का चुनाव लड़ चुकी हैं। आरोप है कि मुनेश गुर्जर जमीन के पट्टों की फाइलों पर हस्ताक्षर नहीं करती थीं और इसके बदले उनके पति लोगों से रिश्वत मांगते थे। उन्हें एसीबी ने गहलोत सरकार के दौरान ट्रैप किया गया था। अब उसी को लेकर बीजेपी सरकार ने उन्हें निलंबित कर दिया था। लेकिन बीजेपी के सामने अपना मेयर नियुक्त करने के लिए बड़ी चुनौती ये थी कि पार्टी के पास बहुमत के लिए 8 पार्षद कम थे। ऐसे में कांग्रेस के आठ पार्षदों ने मंगलवार को बीजेपी का हाथ थाम लिया।




### कुसुम यादव कार्यवाहक मेयर

कुसुम यादव को कार्यवाहक मेयर नियुक्त करते हुए राजस्थान के स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक एवं विशिष्ट सचिव कुमार पाल गौतम ने कहा, "23 सिबंतर को नगर निगम जयपुर हैरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर को निलंबित किया गया हूं। मेयर पद अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित हूं। ऐसे में राज्य सरकार ने राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 50 (1) (**iv**) (क) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मेयर पद पर पार्षद वार्ड संख्य 74 कुसुम यादव को अधिकृत किया जाता हूं। "

# पुलवामा हमले के आरोपी बिलाल की हार्ट अटैक से मौत

कंपनी ने बयान में कहा कि भारत में निर्मित, उच्च प्रदर्शन वाली इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल के निर्यात से वैश्विक ईवी उद्योग में भारत की स्थिति मजबूत होगी। कुमारस्वामी ने कार्यक्रम के दौरान कहा, "यूरोपीय बाजार में अल्ट्रावॉयलेट का विस्तार भारत के मोटर वाहन उद्योग के लिए एक निर्णायक क्षण है, जो वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा करने की हमारे देश की क्षमता को प्रदर्शित करता है।" कुमारस्वामी और कंपनी के अधिकारियों के अलावा बेंगलुरु स्थित कंपनी के विनिर्माण संयंत्र में आयोजित उद्घाटन समारोह में कर्नाटक के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री एम बी पाटिल भी शामिल हुए।

## यूरोप के बाजार में हुआ कंपनी का प्रवेश

अल्ट्रावॉयलेट के सह-संस्थापक नीरज राजमोहन ने कहा कि यूरोप में कंपनी का प्रवेश वैश्विक बाजारों के लिए भारत में डिजायन इलेक्ट्रिक वाहनों को वितरित करने की इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# 'मेक इन इंडिया' के 10 साल सफलतापूर्वक पूरे विनिर्माण क्षेत्र का भविष्य उज्ज्वल: गोयल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि कारोबारी सुगमता बढ़ाने, भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे उभरते क्षेत्रों पर केंद्रित प्रयासों से 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने और देश में घरेलू तथा विदेशी निवेश को बढ़ाने में मदद मिली है। गोयल ने कहा, "हमने बड़ी सफलता हासिल की है और देश में विनिर्माण के लिए उज्ज्वल भविष्य है, क्योंकि 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम अपने 10 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है।" निवेश को सुगम बनाने, नवोन्मेषण को बढ़ावा देने, विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने और भारत को विनिर्माण, डिजायन और नवाचार का केंद्र बनाने के लिए 25 सितंबर, 2014 को 'मेक इन इंडिया' पहल शुरू की गई थी।

**वोकल फॉर लोकल पहल**

यह 'वोकल फॉर लोकल' पहल में से एक है जिसने देश के विनिर्माण क्षेत्र को दुनिया के सामने बढ़ावा दिया। गोयल ने कहा, "हम बहुत बड़ी निवेश योजनाओं पर काम कर रहे हैं, जिससे लाखों नौकरियां पैदा होंगी और अर्थव्यवस्था में हमारे विनिर्माण योगदान का विस्तार होगा।"

## निवेश को सुगम बनाने पर सरकार का जोर

**खास बातें**

- देश में विनिर्माण के लिए उज्ज्वल भविष्य
- भारत को विनिर्माण, डिजायन और नवाचार का केंद्र बनाने की पहल




### नीलामी के लिए पारदर्शी प्रक्रिया

गोयल ने कहा, "लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह बहुत तेजी से हुआ, क्योंकि उन्होंने बहुत साहसिक निर्णय लिए, चाहे वह एक राष्ट्र एक कर यानी 'जीएसटी' हो, या आईबीसी (दिवाला और ऋणशोधन अक्षमता संहिता) हो, या खदानों की नीलामी के लिए पारदर्शी प्रक्रिया लागू करना हो।"

### कारोबार सुगमता में भारत 16 पायदान ऊपर चढ़ा

मंत्री ने कहा कि सरकार ने निवेशकों को स्थिर और अनुकूल नीतियां भी दीं, साथ ही पिछली तिथि से संशोधन न करने की प्रतिबद्धता भी जताई। डिजिटलीकरण और प्रक्रियाओं को सरल बनाने जैसे उपायों के कारण, कारोबारी सुगमता के मामले में भारत की रैंकिंग 190 देशों में 14 पायदान ऊपर चढ़कर 63वें स्थान पर पहुंच गई।

### भ्रष्टाचार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं

*गोयल ने कहा, "भ्रष्टाचार को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति और 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने के लिए उभरते क्षेत्रों पर केंद्रित प्रयास ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निवेश को बढ़ावा दिया।" उन्होंने कहा, ...और 10 साल बाद, हम दोनों ही परिणामों से संतुष्ट हैं और भविष्य को लेकर उत्साहित हैं।*

### मोबाइल के हम दूसरे सबसे बड़े विनिर्माता

*कई क्षेत्रों में हमने महत्वपूर्ण प्रगति देखी है जैसे कि मोबाइल में अब हम दुनिया के दूसरे सबसे बड़े विनिर्माता हैं। इस क्षेत्र में उत्पादन सिर्फ दो कारखानों से बढ़कर 200 हो गया है।" इसके अलावा, इस्पात और सीमेंट जैसे क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण में उल्लेखनीय वृद्धि के कारण मांग उत्पन्न हुई, जिससे भारत ने 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के तहत इन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश और वृद्धि देखी। कपड़ा,*

### वैश्विक स्तर पर पहले देश की छवि खराब थी

*गोयल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि खराब थी और देश को पांच 'नाजुक' अर्थव्यवस्थाओं की श्रेणी में रखा गया था। उन्होंने कहा कि निवेशकों का विश्वास जीतने में इस सरकार को कुछ समय लगा।*

# भारतीय उद्योग जगत से चार लाख करोड़ रुपए की ऋण मांग



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने कहा है कि बैंक को भारतीय उद्योग जगत से चार लाख करोड़ रुपये के कर्ज की मांग मिल चुकी है। उन्होंने चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही में निजी क्षेत्र द्वारा पूंजीगत व्यय में तेजी आने की उम्मीद भी जतायी। शेट्टी ने कहा, 'हम निजी पूंजीगत व्यय में अच्छी रुचि देख रहे हैं। बुनियादी ढांचे के लिए वित्तपोषण... मुख्य रूप से सड़कों, नवीकरणीय ऊर्जा और कुछ रिफाइनरियों से आ रहा है।' सार्वजनिक व्यय की बात करें तो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय लक्ष्य को 11.1 प्रतिशत बढ़ाकर रिकॉर्ड 11.11 लाख करोड़ रुपये कर दिया था। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.4 प्रतिशत है। शेट्टी ने कहा कि कुछ कंपनियों ने पुरानी परियोजनाओं (ब्राउनफील्ड) का विस्तार शुरू किया है, जिसके लिए पूंजीगत व्यय का वित्तपोषण उनके अपने नकदी स्रोतों से किया गया है।

## टाटा पावर के ट्रॉम्बे संयंत्र में आग लगी, कोई नुकसान नहीं

**नई दिल्ली।** टाटा पावर के महाराष्ट्र के ट्रॉम्बे संयंत्र में आग लग गयी। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि आग लगने के कारणों की फिलहाल जांच की जा रही है और किसी के घायल होने या जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। टाटा पावर ने कहा, "...23 सितंबर, 2024 को ट्रॉम्बे संयंत्र की यूनिट संख्या-5 के नियंत्रण कक्ष में आग लग गई।" कंपनी ने कहा कि वह आग से हुए वास्तविक नुकसान का आकलन कर रही है।

## अदाणी ग्रीन, अदाणी एनर्जी यूएनईजेडए में शामिल

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस 'यूटिलिटीज फॉर नेट जीरो अलायंस' (यूएनईजेडए) में शामिल हो गई हैं। दोनों कंपनियों ने मंगलवार को संयुक्त बयान में यह जानकारी दी। यूएनईजेडए की स्थापना सीओपी28 में यूएई की कार्य घोषणा को अपनाने के साथ की गई थी। यह गठबंधन अग्रणी वैश्विक इकाइयों और बिजली कंपनियों को एकजुट करता है ताकि नवीकरणीय ऊर्जा के लिए तैयार ग्रिड के विकास को आगे बढ़ाया जा सके, स्वच्छ ऊर्जा समाधान को बढ़ावा दिया जा सके और विद्युतीकरण प्रयासों को आगे बढ़ाया जा सके।

## चीन के केंद्रीय बैंक ने की आरक्षित दरों में कटौती

**बीजिंग।** चीन के केंद्रीय बैंक ने संपत्ति क्षेत्र में मंदी से निपटकर सुस्त अर्थव्यवस्था को गति देने के उद्देश्य से कई कदम उठाने की मंगलवार को घोषणा की। 'पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना' के गवर्नर पैन गोंगशेंग ने कहा कि बैंकों के लिए आवश्यक आरक्षित दर (रिजर्व रेट) में 0.5 प्रतिशत की कटौती की जाएगी तथा केंद्रीय बैंक इसमें और भी कटौती करेगा।

## आर्केड डेवलपर्स का निर्गम 30% बढ़त के साथ बंद

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी आर्केड डेवलपर्स लिमिटेड का शेयर मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद निर्गम मूल्य 128 रुपये से करीब 30 प्रतिशत बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 37.42 प्रतिशत बढ़कर 175.90 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 48.43 प्रतिशत बढ़कर 190 रुपये पर पहुंच गया था। अंत में करीब 29.57 प्रतिशत बढ़कर 165.85 रुपये पर बंद हुआ।


epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### टीचर

आवश्यकता है- हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम 6वीं-10वीं में साइंस, मैथ्स, एसएसटी हेतु शिक्षक/ शिक्षिकाओं, ड्राइवर, चपरासी, आयाबाई की आवश्यकता हैं। साक्षात्कार 27.09.2024, प्रातः 11बजे से 1 बजे तक. **रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, सत्तीबाजार एवं अश्वनी नगर, 0771-2241548** (Ro -6955)

तत्काल आवश्यकता है- बिन्दा सोनकर उ. मा. विद्यालय अश्वनी नगर, रायपुर में अनुभवी /सेवानिवृत्त प्राचार्य तथा लिपिक / कम्प्यूटर ऑपरेटर की तत्काल आवश्यकता है। **आवेदन पत्र दिनांक 28/09/2024 तक संपर्क करें 9907679100.** (Ro -4469)

### पेट्रोल पंप कर्मी

आवश्यकता है- अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल डालने हेतु लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। (रहना + खाना फ्री लड़को के लिए) वेतन योग्यतानुसार **पता- HP अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप शंकर नगर चौक रायपुर मोबाइल 9340741230.** (Ro- 6494)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.** (Ro -3010)

आवश्यकता है- थोक कपड़े व्यवसाय में केवल पुरूष अनुभवी सेल्समेन एंव साड़ी, हैंडलूम और सुटिंग शार्टिंग में काम करने हेतु कर्मचारी की आवश्यकता है **संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658.** (RO-1644)

### सेल्स एक्जीक्यूटिव

URGENT REQUIREMENT- Sales Executive- Girls And Boys, Tellecaller Executive- Girls, Education 12th And Above Send Your CV Watsapp 9522722787, 9424308009 Walk in Intervew Place Raipur (C.G) (Ro -6500)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### सुरक्षागार्ड

आवश्यकता है- सुपरवाइजर 4, सुरक्षा गार्ड 30, लेडी गार्ड 4, मार्केटिंग अधिकारी 2, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास भोजन फ्री गार्ड हेतु, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 11000/- से 15000/- **संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434 चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल नंबर:- 7746000016, 7747000019.** (Ro -3004)

आवश्यकता है- गार्ड चाहिए। चैन गर्ल्स हॉस्टल, लक्ष्मी नगर रायपुर के लिए शाकाहारी सनातनी पूजा पाठ प्रेमी सकल व्यक्ति एकल व्यक्ति की आवश्यकता है। ब्राह्मण को प्राथमिकता। रहने खाने की सुविधा। **संपर्क सूत्र:- 8959906595.** (RO-7363)

### मार्केटिंग

आवश्यकता है- रायपुर में, मार्केटिंग कार्य करने के लिए लडकियों की आवश्यकता है, सैलरी-10,000/- से 20,000 योग्यतानुसार, **संपर्क करें:- 8962274079. पता आमापारा चौक रायपुर** (RO-6497)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### केयर टेकर

आवश्यकता है- 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला के लिए पूर्ण कालिक 35 वर्ष तक की जिम्मेदारी मुक्त सेवाभावी सेविका चाहिए वेतन आपसी सहमति से/ रहना खाना फ्री उच्च जाति को प्राथमिकता अनुबंध आवश्यक होगा। **मोबाइल 9425518442. केवल 8 से 10 शाम** (RO-6479)

### कुक/डिलीवरी कार्य

कुक चाहिए- कादंबरी नगर दुर्ग में घर के लिए एक ऑलराउंडर कुक ( खाना बनाने वाली लेडिश ) की आवश्यकता है, **सम्पर्क करें : 96916-31036, 911190-08008** (आरो न.-592)

आवश्यकता है- टिफिन सेंटर में खाना बनाने के लिए कुक की आवश्यकता एवं टिफिन डिलीवरी के लिए लड़के की आवश्यकता (पार्ट टाइम) टेस्ट ऑफ़ पंजाब मारुति रेजिडेंसी रोड **गोलछा अपार्टमेंट के सामने अमलीडीह रायपुर 9826162764.** (RO-7404)

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- रेडीमेड दुकान में कार्य करने हेतु पुरूष महिला एंव टेली एकाउन्टेंट (फीमेल) सम्पर्क करें राजेश **होजयरी फारेस्ट कालोनी के पास गली नं.1 पंडरी रायपुर 9407923601, 9826908201.** (RO-7405)

### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ग्वालियर मध्य प्रदेश में ऑफिस कार्य करने हेतु 10वीं, 12वीं पास लड़के चाहिए वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना खाना फ्री ट्रेनिंग पश्चात 15000 से 20000 महीना **सम्पर्क करें- 8982690021, 8965876358.** (RO-35488)

आवश्यकता है- इन्दौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए जो बाहर रहकर कार्य कर सके। वेतन 10000+ कमीशन + बोनस सहित 20000 रहना, खाना फ्री + गाड़ी किराया + कोई शुल्क नहीं। **सम्पर्क- 7224807472, 7611101133** (RO-34471)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### घरेलु कार्य/कुक

आवश्यकता है- घर का समस्त कार्य करने के लिए एंव बुजुर्ग महिला की सेवा के लिए एक महिला कामवाली की, 24 घंटे साथ में रहने खाने की सुविधा फ्री जल्दी **संपर्क करें - रायपुर (फोन करें केवल शाम 8 से 10 तक ) मों. - 9425518442.** (RO-6492)

आवश्यकता है- कार्य तेलीबांधा के आगे, वी.आई.पी. चौक के पास रायपुर में घर का झाडू पोछा, कपड़ा बर्तन, साफ सफाई व शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु पुरूष/ महिलाये चाहिए। पान, गुटका, तंबाखू या किसी तरह का नशा न करने वाले व शाकाहारी ही **संपर्क करें 9300593000.** (RO-1227)

### सिविल इंजीनियर

Requirment- WANTED A CIVIL ENGINEER FOR ROAD CONSTRUCTION WORK (WITH MINIMUM 5 YEARS EXPERIENCE) AND A ACCOUNTANT FOR RAIPUR OFFICE WORK. Contact Mo. **9201011541.** (RO-3003)

### ड्रायवर

आवश्यकता है- घरेलू गाड़ी व एम्बुलेंस गाड़ी चलाने हेतु ड्राइवर- 2 की आवश्यकता हैं, रहने की सुविधा, **संपर्क करें:- बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.** (Ro -3006)

आवश्यकता है- रायपुर शहर के भीतर ड्राइवर चाहिए जो ड्राइवरी सहित अन्य कार्य भी कर सके वेतन 12000/- प्रतिमाह लाइसेंस के साथ 1 दो हेल्परों की भी आवश्यकता हैं वेतन 9000/- प्रति माह **संपर्क:- 99267-53341.** (RO-2984)

### वेल्डर/फिटर

आवश्यकता है- रायगढ़, भिलाई, रायपुर, बलौदा बाजार, कोरबा, चांपा पावर प्लांट इंजीनियर सिविल, पॉलिटेकनिक कोपा, कम्प्यूटर ऑपरेटर, ऑफिस कार्य इलेक्ट्रीशियन, सुपरवाइजर, वेल्डर कटर फिटर गार्ड चपरासी, ड्राइवर, स्टोर कीपर, ऑफिसर, (रहना खाना+ मेडिकल फ्री) **सम्पर्क- बिलासपुर 8962527013.** (RO-35460)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### गोदाम कार्य

आवश्यकता है- गोदाम कार्य हेतु मेहनती युवा लड़कों की योग्यता 12वीं पास संपर्क करें **माहेश्वरी इंटरप्राइजेस शॉप नंबर 8 होटल आदित्य बिल्डिंग के. के. रोड रायपुर जयस्तम चौक के पास मोबाइल 9301013530.** (RO-5951)

### एम आर

URGENTLY REQUIRED- *Experienced MR* *HQ*- RAIPUR *COMPANY* - MANIBRO HEALTH CARE PVT.LTD. (Main Division). *QUALIFICATION*- ANY GRADUATE SALARY- Best in the Industry and Incentive. Minimum 1 years of experience in the same HQ, Raipur And Along with Peripheri exposer is also required. WhatsApp no Contact- **9438186844** diptimanibrohealthcare@gmail.com' (RO-1768)

### टेक्नीशियन

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता है 12th PASS टेलीकॉलर- 2 ऑफिस असिस्टेंट -02 सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 4, सर्विस टेक्निशियन 2, OFFICE BOY 1 (अनुभव आवश्यक नहीं) **संपर्क करें:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461.** (Ro -3007)

### पैकिंग/हेल्पर कार्य

आवश्यकता है-बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है। रूम बिजली की सुविधा फ्री। **पता- बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर 7471176423.** (RO-35489)

### अन्य

आवश्यकता है- पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। **संपर्क करें- 7326057709, 9040788128.** (RO-3744)

क्लासीफाईड

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP **करें:- 9102935834.** (RO-2975)

आवश्यकता है- Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS **करें- 7003467406.** (RO-470)

आवश्यकता है- Airport डायरेक्ट भर्ती अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) एयरहोस्टेस, सुपरवाईजर, ग्राउंडस्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, ड्राईवर, हेल्पर 31500- 82500 मेडिकल इंश्योरेंस, फंड, बोनस, (रहना +खाना +मेडिकल फ्री) **रायपुर संपर्क:- 9205219535.** (RO-3011)

आवश्यकता है- भारत की नंबर - 1 RELIANCE JIO 5G कंपनी (SMS JOB) करके लड़के लड़कियां , गृहणियां , रिटायर्डपर्सन ,घरबैठे कमाए (21500 - 48500) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त) NAME, ADDRESS QUALIFICATION, WhatsApp / Call **करें:- 8391958072.** (RO-471)

## Education शिक्षण

प्रवेश प्रारंभ- *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करे:- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, (*एक साल में*) M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech, सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क:-** *Bharti Education Academy* *Sector-6 Bhilai* Mo.-9826196515, 9826896515 **नोट :-** *एडमिशन हेतु फ्रेंचाइजी सेंटर & एजेंट आमंत्रित* (आरो नं -6381)

## Business व्यापार

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871.** (RO-2998)

## Finance फायनेंस

फाइनेंस- राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट **हेल्पलाइन नंबर:- 9350674841, 9350674841.** (Ro -3005)

## Property प्रापर्टी

जमीन बेचना है- राजनांदगांव जिले में 30 एकड़ जमीन बेचना है। नगपुरा से 10 किमी की दुरी पर 33/11 केबी सब स्टेंशन से मात्र 100 मी. 25 लाख प्रति एकड़ की दर से। **संपर्क मो.- 62631-18690** (आरो न.-6383)

बेचना है - 5.42 एकड़ सिंचित भूमि डंगनिया अर्जुंदा डामर रोड पर। धान, गन्ना खेती, पोल्ट्री फार्म एवं राइस मिल हेतु अति उत्तम। **संपर्क, 9752408700.** (आरो न.-591)

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

हरिभूमि क्लासीफाईड







# आईपीएल की नीलामी से पहले टीम से बाहर हो सकते हैं कई बड़े खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के अगले सीजन की तैयारी शुरू हो चुकी है। इसके बाद जल्द ही बीसीसीआई की ओर से रिटेंशन पॉलिसी जारी कर दी जाएगी। इसके साथ ही ये भी तय हो जाएगा कि टीमें अपने कितने खिलाड़ी रिटेन कर सकती हैं, बाकी खिलाड़ी अपने आप रिलीज मान लिए जाएंगे। ऑक्शन हमेशा से ही आईपीएल का अहम हिस्सा रहा है। जिसमें नई प्रतिभाओं को शामिल किया जाता है और टीमों के बीच खिलाड़ियों का फेरबदल किया जाता है। इस बार कुछ ऐसे खिलाड़ी भी रिलीज किए जा सकते हैं, जिनके बारे में इससे पहले शायद सोचा भी नहीं गया होगा। यानी इस बार का ऑक्शन भी तगड़ा होने की पूरी संभावना है। वैसे तो अभी तक किसी भी टीम ने किसी को रिलीज नहीं किया है।



### सबसे पहला और सबसे बड़ा नाम रोहित शर्मा

आईपीएल 2025 से पहले जिन खिलाड़ियों के रिलीज होने की संभावना है, उसमें पहला और सबसे बड़ा नाम तो रोहित शर्मा का ही है। आईपीएल के पिछले सीजन में मुंबई इंडियंस में जो हुआ, उसे देखते हुए लगता है कि रोहित शर्मा एमआई से रिलीज किए जा सकते हैं। माना जा रहा है कि रोहित इस बार रिलीज होकर ऑक्शन में जाएंगे, जहां वे किसी दूसरी टीम से खेलते हुए दिखाई दे सकते हैं।



### दूसरे नंबर पर हैं केएल राहुल

दूसरा सबसे बड़ा नाम केएल राहुल का होने की संभावना जताई जा रही है। वे इस वक्त लखनऊ सुपर किंग्स के कप्तान हैं। टीम उनकी कप्तानी में ऐसा कोई करिश्मा नहीं कर पाई है, जिससे वे अपनी टीम में बने रहें। वहीं, अब केएल राहुल भारत की टी20 टीम का भी हिस्सा नहीं हैं। यानी उन्हें भी रिलीज किया जा सकता है। ऐसे में उनकी किसी नई टीम में दिखाई देने की संभावना है।

### क्या मिचेल स्टार्क पर बरसेगा पैसा?




आईपीएल इतिहास में सबसे ज़्यादा बोली लगाने का रिकॉर्ड बनाने वाले मिचेल स्टार्क भी नीलामी पूल में वापस आ सकते हैं। पहले सबसे महंगे खिलाड़ी होने के बावजूद एआई पूर्वानुमानों से पता चलता है कि स्टार्क फिर से टीमों को आकर्षित कर सकते हैं।

### डुप्लेसी के आरसीबी के साथ रहने पर संशय

आरसीबी ने अभी तक एक भी बार आईपीएल का खिताब नहीं जीता है। टीम की कप्तानी फॉफ डुप्लेसी कर रहे है। मेगा ऑक्शन तीन साल के लिए होता है। 40 साल के फॉफ इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं तो क्या आरसीबी की टीम उन्हें अपने साथ रखेगी। इसमें शक है। आरसीबी की टीम जरूर अगले ऑक्शन में किसी नए कप्तान की तलाश करेगी।

### हर ऑक्शन में कीमत बढ़ती है : ग्लेन मैक्सवेल



ग्लेन मैक्सवेल का आईपीएल में कुछ खास प्रदर्शन नहीं रहा।लेकिन हर ऑक्शन में उनकी कीमत बढ़ती रहती है। ग्लेन इस वक्त आरसीबी के साथ हैं, लेकिन पिछले कुछ सालों के प्रदर्शन को देखते हुए शायद ही आरसीबी की टीम उन्हें अपने साथ रखने की इच्छुक होगी। देखना ये भी दिलचस्प होगा कि अगर आरसीबी ने मैक्सवेल को छोड़ा तो क्या कोई दूसरी टीम उन पर दांव लगाने की कोशिश करेगी।

## खबर संक्षेप



### नायकों की घर वापसी पर जोरदार स्वागत

**चेन्नई।** ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने के बाद भारतीय टीमों के सदस्यों का मंगलवार को यहां स्वदेश लौटने पर प्रशंसकों, अधिकारियों और परिवारों के सदस्यों ने स्वागत किया। डी गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा, आर वैशाली और पुरुष टीम के कप्तान श्रीनाथ नारायणन मंगलवार की सुबह चेन्नई पहुंचे। चारों खिलाड़ियों के हवाई अड्डे से बाहर निकलते ही प्रशंसकों ने जयकारे लगाकर उनका स्वागत किया। गुकेश सहित अन्य खिलाड़ियों ने अपने व्यक्तिगत और टीम स्वर्ण पदक दिखाए।

### त्रीशा-गायत्री मकाऊ ओपन बैडमिंटन में जीते

**मकाऊ।** त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की तीसरी वरीय भारतीय जोड़ी ने अकारी सातो और माया तागुची की जापान की जोड़ी को मंगलवार को यहां तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हराकर मकाऊ ओपन बैडमिंटन के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी ने पहले दौर में लगभग एक घंटे चले मुकाबले में 15-21, 21-16, 21-14 से जीत दर्ज की। एन सिक्की रेड्डी -रुतविका शिवानी की जोड़ी ने महिला युगल क्वालीफिकेशन क्वार्टर फाइनल में चेयुंग यान यू और च्यु विंग ची की जोड़ी को 21-15, 21-10 से हराया।

### कानपुर में सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच 27 से, भारत 1-0 से आगे

# जिन खिलाड़ियों ने बांग्लादेश को दी पटकनी वही खेलेंगे दूसरा टेस्ट, टीम में बदलाव नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश क्रिकेट टीम को सीरीज के पहले टेस्ट में 280 रन से करारी शिकस्त दी। अब सीरीज का दूसरा और आखिरी टेस्ट 27 सितंबर से कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम में खेला जाएगा। पहले टेस्ट की जीत के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अब दूसरे टेस्ट के लिए भी टीम की घोषणा कर दी है। दिलचस्प रूप से दूसरे टेस्ट की टीम में कोई बदलाव नहीं किया है।

बांग्लादेश की टीम पहले टेस्ट में हार के बाद वापसी के इरादे से सीरीज का दूसरा और आखिरी टेस्ट खेलने के लिए उरतेगी। वहीं भारतीय टीम सीरीज पर 2-0 से कब्जा जमाना चाहेगी। ज्ञात हो कि पहले मुकाबले में रोहित शर्मा की टीम को 280 रन से जीत मिली थी। ग्रीन पार्क में आखिरी टेस्ट साल 2021 में खेला गया था।

### दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह और यश दयाल।



### इस स्टेडियम में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी

ग्रीन पार्क के मैदान पर टेस्ट में सबसे ज्यादा रन गुंडप्पा विश्वनाथ ने बनाए हैं। उन्होंने 1969 से 1982 तक यहां 7 टेस्ट मैच खेले हैं। इसकी 12 पारियों में 3 बार नाबाद रहते हुए 86.22 की औसत से उनके बल्ले से 776 रन निकले हैं। उन्होंने 3 शतक और 4 अर्धशतक भी लगाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 179 रन रहा है। दूसरे स्थान पर सुनील गावस्कर हैं। उन्होंने 9 टेस्ट में 44.92 की औसत से 629 रन बनाए थे।

### इस मैदान में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी

पूर्व तेज गेंदबाज कपिल देव टेस्ट क्रिकेट में इस मैदान पर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने यहां 9 टेस्ट मैच की 9 पारियों में 27.84 की औसत से 25 विकेट झटके हैं। उन्होंने 3 बार 4 विकेट हॉल और 1 बार 5 विकेट हॉल अपने नाम किए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/63 का रहा है। दूसरे स्थान पर अनिल कुंबले हैं। उन्होंने इस मैदान पर 3 मैच में 19.76 की औसत से 21 विकेट झटके हैं।

### ग्रीन पार्क स्टेडियम का इतिहास

ग्रीन पार्क स्टेडियम भारत के सबसे पुराने स्टेडियमों में से एक है, जो साल 1945 में बनकर तैयार हुआ था। यहां पहला अंतरराष्ट्रीय मैच जनवरी, 1952 में भारत और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच टेस्ट प्रारूप में खेला गया था। भारतीय टीम ने यहां 23 टेस्ट मुकाबले खेले हैं। 7 मैच में टीम को जीत और 3 में उसे हार मिली है। 13 मुकाबले इस मैदान पर ड्रॉ रहे हैं। बांग्लादेश इस मैदान पर पहली बार कोई टेस्ट मैच खेलेगा।

### कैसा रहता है पिच का मिजाज?

ग्रीन पार्क की पिच में आमतौर पर स्पिनरों को मदद मिलती है। हालांकि, इस बार यहां बल्लेबाजों को काफी मदद मिलने वाली है। शुरुआती कुछ ओवरों में तेज गेंदबाज सतह का फायदा ले सकते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि इस बार काली मिट्टी की पिच पर मुकाबला खेला जाएगा। इस मैदान पर सबसे बड़ा स्कोर भारतीय टीम ने 676/7 श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ बनाया था। सबसे छोटा स्कोर 105 ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के नाम है।

क्रिकेट

# कानपुर में इतिहास रचेंगे विराट कोहली!



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान व धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में कई कीर्तिमान स्थापित कर सकते हैं। वे 129 रन बनाकर नौ हजार रन बनाने वाले क्रिकेटरों के क्लब में शामिल हो जाएंगे। जबकि एक हजार चौके लगाने से विराट अभी सात कदम दूर हैं।

■ एक हजार चौके लगाने वाले देश के पांचवें खिलाड़ी होंगे विराट

### ग्रीन पार्क में 5 बार खेल चुके विराट

*किंग कोहली इससे पहले ग्रीनपार्क में पांच बार खेल चुके हैं। अभी तक खेले 114 टेस्ट मैचों में विराट 8871 बना चुके हैं। 129 रन बनाते ही वे नौ हजार रन बनाने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। वे इंग्लैंड के महान क्रिकेटर ग्राहम गूच के 8900 रन से महज 129 रन पीछे चल रहे हैं। इसके अलावा एक हजार बाउंड्री लगाने से मात्र सात कदम दूर हैं, उन्होंने अभी तक 993 चौके वे अपने करियर में लगा चुके हैं।*

### सचिन, राहुल के क्लब में एंट्री का मौका

विराट ग्रीनपार्क में दुनिया के 18वें खिलाड़ी बन सकते हैं। भारत से सचिन, राहुल और सुनील गावस्कर इस क्लब में शामिल हो चुके हैं। वहीं, एक हजार चौके की बात की जाए तो विराट से पहले यह क्लब में सचिन, राहुल, सहवाग और लक्ष्मण यह कारनामा कर चुके हैं।

### चेन्नई में फ्लॉप रहे थे विराट कोहली

ग्रीनपार्क में होने वाला टेस्ट मैच कई मायनों में रिकार्ड की छड़ी लगाने वाला होगा। चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट में विराट के फ्लॉप शो के बाद अब दूसरे में उनकी विराट पारी की उम्मीद क्रिकेट प्रेमियों को रहेगी। अंतरराष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में अभी तक नौ हजार रन के क्लब में 17 खिलाड़ी शामिल हो चुके हैं।

### जीवन, विजय की जोड़ी विजेता भांबरी-ओलिवेटी रहे उपविजेता



**नई दिल्ली।** भारत के जीवन नेदुनचेझियान और उनके जोड़ीदार विजय सुंदर प्रशांत ने मंगलवार को हांगझोउ ओपन का चैम्पियन बनने के साथ पुरुष युगल में जोड़ी के रूप में अपना पहला एटीपी खिताब जीता, जबकि युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी चेंगदू ओपन में उपविजेता रहे। जीवन और विजय की गैरवरीय भारतीय जोड़ी ने एक घंटे और 49 मिनट तक चले मुकाबले में कॉन्स्टेंटिन फ्रांत्जेन और हेंड्रिक जेबेंस की गैर वरीयता प्राप्त जर्मन जोड़ी को 4-6, 7-6, 10-7 से शिकस्त दी। पैंतीस साल के जीवन के लिए यह एटीपी टूर स्तर का दूसरा खिताब है। उन्होंने 2017 में रोहन बोपन्ना के साथ चेन्नई ओपन जीता था। विजय के लिए यह एटीपी टूर का पहला खिताब है।भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने इस साल अप्रैल में म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू ओपन और मई में गस्ताद में स्विस ओपन के खिताब जीते थे।

# राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप में आकर्षण का केंद्र होंगे विष्णु, प्रज्जवल और रश्मिका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई खेलों में कई पदक जीतने वाले विष्णु वर्धन, शीर्ष वरीयता प्राप्त प्रज्जवल देव और गत चैंपियन रश्मिका एस भामिदिपति 28 सितंबर से 12 अक्टूबर तक यहां डीएलटीए परिसर में होने वाली 29वीं फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप में आकर्षण का केंद्र होंगे। अन्य शीर्ष नामों में भारत की पूर्व नंबर दो रिया भाटिया शामिल हैं।सीनियर वर्ग के अलावा टूर्नामेंट में लड़कों और लड़कियों के लिए अंडर-18, अंडर-16 और अंडर-14 आयु वर्ग के मुकाबले भी होंगे।



### इन तारीखों को होंगे मुकाबले

टूर्नामेंट के शुरुआती सप्ताह में पुरुष, महिला, अंडर-18 लड़के और अंडर-18 लड़कियों के एकल और युगल मुकाबले होंगे। क्वालीफाइंग दौर के मुकाबले 28-29 सितंबर को होंगे जबकि मुख्य ड्रॉ के मैच 30 सितंबर से पांच अक्टूबर तक खेले जाएंगे। लड़के और लड़कियों के अंडर-16 और अंडर-14 वर्ग के मैच छह से 12 अक्टूबर तक होंगे।

### टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि

टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि 21 लाख 55 हजार रुपये है। जूनियर वर्ग में किट भत्ता दिया जाएगा। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के अध्यक्ष और वरिष्ठ प्रबंध निदेशक अजय एस श्रीराम ने उभरती हुई युवा प्रतिभाओं का समर्थन करने के लिए अंडर-16 और अंडर-14 एकल स्पर्धाओं के विजेताओं और उपविजेताओं को 25 हजार रुपये की छात्रवृत्ति देने की घोषणा की।

### भारत की तरफ हरमनप्रीत ने ठोकी है सेंचुरी

# महिला टी20 विश्व कप में शतक जड़ने वाली 5 बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिला टी20 विश्व कप 2024 की शुरुआत यूएई में 3 अक्टूबर से होनी है, जिसका आयोजन 20 अक्टूबर तक किया जाएगा। दुबई और शारजाह में कुल 23 मैच खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट के लिए दो ग्रुप बनाए गए है, जिसमें हर ग्रुप से टॉप की दो टीमें 20 अक्टूबर को दुबई में होने वाले फाइनल से पहले 17 अक्टूबर और 18 अक्टूबर को सेमीफाइनल मैच खेलेगी। भारतीय टीम 4 अक्टूबर से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। बता दें कि पहले यह टूर्नामेंट बांग्लादेश में खेला जाना था, लेकिन देश के हालातों को देखते हुए इसे संयुक्त अरब अमीरात में स्थानांतरित कर दिया गया था। ऐसे में महिला टी20 विश्व कप 2024 की शुरुआत से पहले जानते हैं टॉप-5 बैटर्स के नाम, जिन्होंने सबसे ज्यादा शतक जड़े है।



**मुनीबा अली** (पाकिस्तान)
पाकिस्तान महिला टीम की मुनीबा अली ने साल 2023 में आयरलैंड टीम के खिलाफ 68 गेंदों का सामना करते हुए 14 चौकों की मदद से 102 रन की पारी खेली थी। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 150 का रहा।

**लिजेल ली** (साउथ अफ्रीका)
साउथ अफ्रीका महिला टीम की ओपनिंग बैटर लिजेल ली ने थाईलैंड महिला टीम के खिलाफ101 रन की पारी खेली थी। टी20 विश्व कप 2020 में उन्होंने साउथ अफ्रीका बनाम थाईलैंड के मैच में यह कारनामा किया था।

**हेदर नाइट** (इंग्लैंड)
इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की मिडिल ऑर्डर बैटर हेदर नाइट ने टी20 विश्व कप 2020 में थाईलैंड टीम के खिलाफ शतकीय पारी खेली थी। टी20 विश्व कप 2020 के एक मैच में उन्होंने थाईलैंड के खिलाफ 108 रन की पारी खेली, जिसमें 13 चौके और 4 छक्के शामिल रहे।

**हरमनप्रीत कौर** (टीम इंडिया)
भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टी20 विश्व कप 2018 में न्यूजीलैंड के खिलाफ शतकीय पारी खेली थी। मैच में हरमनप्रीच ने 51 गेंदों का सामना करते हुए 103 रन बनाए थे, जिसमें 7 चौके और 8 छक्के शामिल रहे।

**मेग लेनिंग** (ऑस्ट्रेलिया)
ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की टॉप ऑर्डर बल्लेबाज मेग लेनिंग ने साल 2014 टी20 विश्व कप में शतकीय पारी खेली थी। उन्होंने 65 गेंदों का सामना करते हुए 126 रन बनाए थे, जिसमें 18 चौके और 4 छक्के शामिल रहे।

बिजनेस साइट

### श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल में निशुल्क परामर्श शिविर का भव्य आयोजन

**रायपुर।** चिकित्सा के क्षेत्र में लोकप्रिय नाम न्यू राजेंद्र नगर अमलीडीह स्थित श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल में मरीजो के हितो को ध्यान में रखते हुए समय समय पर निःशुल्क परामर्श शिविर का भव्य आयोजन किया जाता है इसी कड़ी में न्यू राजेन्द्र नगर अमलीडीह स्थित श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल में दिनांक 26 सितंबर गुरुवार को निःशुल्क परामर्श शिविर का भव्य आयोजन प्रातः 11 से 2 बजे तक किया जा रहा है उक्त शिविर में दिमाग एवं रीढ़ की हड्डी से सम्बंधित सभी समस्याओं का संपूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।



निशुल्क परामर्श शिविर में मरीज को ओपीडी फ्री, जांच में 15% की छूट, दवाई में 5% की छूट एवं भर्ती में 10% की विशेष छूट प्रदान की जाएगी उपयुक्त शिविर में ब्रेन एवं स्पाइन सर्जन डॉक्टर अक्षय बैद विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे उक्त शिविर में संपूर्ण इलाज व सर्जरी जैसे सिर एवं रीढ़ कि हड्डी कि चोट, ब्रेन एवं स्पाइन ट्यूमर,मिर्गी एवं दौरे पड़ना,बच्चों में बड़ा सिर,पार्किन्सन्स रोग,पीठ में फोड़ा स्ट्रॉक,लकवा सियाटिका एवं स्लिप डिस्क हाथ पैर में दर्द एवं झुनझुनी सिर दर्द एवं माइग्रेन, अल्जाईमर रोग मिर्गी एवं दौरे पड़ना जैसी बीमारियों को चिकित्सा सुविधाए उपलब्ध रहेगी।

### श्री वेंकटेश सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल मनाया जाएगा हृदय दिवस

**रायपुर।** प्रतिवर्ष विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को हृदय से संबंधित बीमारियों के प्रति जागरूक करना है। आज, दिल की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, लेकिन सही जानकारी और जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव करके हम इसे नियंत्रित कर सकते हैं।



श्री वेंकटेश सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, सदैव आपके स्वास्थ्य को लेकर तत्पर है, विश्व हृदय दिवस पर हम आपके हृदय स्वास्थ्य के लिए ले कर आये है निःशुल्क परामर्श एवं इससे जुडी सुविधाओं में विशेष छूट। जो आपको अपने हृदय के स्वास्थ्य को बनाये रखने में एक अनूठा कदम है ।

यह सुविधा दिनांक 23 से 27 सितम्बर 2024, समय सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक श्री वेंकटेश सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, कौशल्या (कमल) विहार रायपुर में उपलब्ध रहेगी। जिसमे हॉस्पिटल के वरिष्ठ हृदय रोग सलाहकार - डॉ. कमल कांत आदिले एवं वरिष्ठ हृदय रोग सर्जन - डॉ. चंदेल आपके परामर्श सेवा में उपलब्ध रहेंगे। अधिक जानकारी एवं परामर्श पंजीयन के लिए आप संपर्क 0771-3103333, 7880081828 पर सम्पर्क सकते है।

### आईसेक्ट कौशल विकास यात्रा 2024 का रायपुर से हुआ प्रारंभ

**रायपुर।** कौशल विकास और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 39 वर्षो से निरंतर कार्य कर रही संस्था आईसेक्ट द्वारा छात्रों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रति जागरूकता लाने एवं करियर कांउसलिंग के उद्धेश्य से देशव्यापी कौशल विकास यात्रा दिनांक 9 सितंबर से पूरे देश में आयोजित की जा रही है। देश के 22 राज्यों के 300 जिलों में संचालित की जा रही ये यात्रा दिनांक 24 सितम्बर को आईसेक्ट राज्य कार्यालय, रायपुर से प्रारंभ हुई ।



इस मोके पर मुख्य अतिथि रहे श्री जी. सी. डेका, क्षेत्रीय संचालक, कौशल विकास एवं उद्यमिता संचालनालय ने विद्यार्थियो से कहा कि कौशल विकास रोजगार पाने की राह में एक मुख्य साधन है।




# बीहड़ में शख्स ने बनाया कमाल का घर, बाहरी हिस्सा देख उड़ जाएंगे होश



**नई दिल्ली।** इंसान को क्या चाहिए, सुकून भरी जिंदगी, अपना घर और भर पेट खाना. इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आदमी अपनी पूरी जिंदगी बिता देता है। पर कुछ लोग सुकून खोजते नहीं हैं, वो उसे बनाते हैं। हाल ही में इस बात को एक शख्स ने साबित किया, जिसने बीहड़ में एक घर बनाया। घर बेहद साधारण सा था, पर उसने उसे ऐसा लुक दिया कि एक बार आप उसे देख लेंगे, तो उसके अंदर से बाहर निकलने का जी नहीं करेगा। वायरल वीडियो में बीहड़ में एक व्यक्ति घर बनाता दिख रहा है। घर बनाने के लिए वो सबसे पहले लकड़ी का बेस तैयार करता है। छोटे-छोटे लकड़ी के टुकड़ों को एक साथ जोड़कर वो घर को एक डोम जैसा आकार देता है।

## भालू के चेहरे जैसा बना दिया घर

जब घर बाहर से आकार ले लेता है, तब आपको समझ आएगा कि वो घर के बाहरी हिस्से को भालू के चेहरे का रूप दे देता है। दूर से अगर आप उस घर को देखेंगे, तो आपको वाकई ऐसा लगेगा जैसे कोई भालू जमीन के अंदर गड़ा हुआ है और केवल उसका चेहरा बाहर निकला है। अंदर से वो घर को मिट्टी से लेपता है और फिर जरूरत की कई चीजें वहां रख देता है।

# पैरों से सांस लेता है ये जानवर, बुरे हाल में बचने के लिए करता है खास उपाय

एजेंसी ▶▶| लंदन

समुद्री बंदर या सी मंकी छोटे, लेकिन आकर्षक जीव हैं। वे बच्चों और बड़े दोनों का ही ध्यान खींचते हैं। वे एक प्रकार के नमकीन झींगे हैं, जिन्हें वैज्ञानिक रूप से आर्टेमिया सलीना के रूप में जाना जाता है। ये छोटे जीव तब जीवित हो जाते हैं जब आप उनके अंडों में पानी डालते हैं, जो सालों तक निष्क्रिय रह सकते हैं। पहली बार 1950 के दशक में 'इंस्टेंट पेट' के रूप में उनकी मार्केटिंग की गई थी, तब से वे एक लोकप्रिय विज्ञान प्रयोग और नवीनता वस्तु बने हुए हैं।

## कई सालों तक निष्क्रिय और 'मृत' जैसे होते हैं अंडे

सी-मंकी में क्रिप्टोबायोसिस की हालत में जाने की बहुत ही खास काबिलियत होती है। इसमें, उनके अंडे लंबे समय तक चरम कुदरती माहौल का सामना कर सकते हैं। क्रिप्टोबायोसिस के कारण अंडे कई सालों तक निष्क्रिय और 'मृत' जैसे होते हैं, लेकिन पानी में डालने पर वे फिर से जीवित हो जाते हैं। पानी में डालने पर, बेजान सी मंकी अंडे लगभग तुरंत फूटने लगते हैं। जो छोटे जीव निकलते हैं उन्हें नॉप्लिअस लार्वा के तौर पर जाना जाता है, और 8-10 हफ्तों के दौरान, ये लार्वा पूरी तरह से परिपक्व वयस्कों में विकसित होते हैं। इस दौरान उन्हें बढ़ते और बदलते देखना सी-मंकी को पालने वालो के लिए खुशी का कारण होता है।



## सी-मंकी केवल एक आंख के साथ होते हैं पैदा

समुद्री बंदरों की सबसे असामान्य जैविक विशेषताओं में से एक यह है कि वे अपने पैरों से सांस लेते हैं। इस प्रक्रिया को शाखा श्वसन कहा जाता है, जहां वे पानी से ऑक्सीजन को अवशोषित करने के लिए अपने पैरों का इस्तेमाल करते हैं। ढलने की यह आकर्षक काबिलियत कई जलीय आर्थ्रोपोड्स में आम है। सी-मंकी केवल एक आंख के साथ पैदा होते हैं। जैसे-जैसे वे बड़े होते हैं, उनकी दो और आंखें विकसित होती हैं, जिससे उनकी कुल संख्या तीन हो जाती है। यह अनोखा विकास उन्हें जानवरों के साम्राज्य में उन कुछ अनूठे जीवों में से एक बनाता है जिनके पास यह अनोखी नेत्र व्यवस्था है।

# जुड़वां बहनों को जिनसे हुआ प्यार, वो भी निकले जुड़वां भाई

**वॉशिंगटन।** जुड़वां भाई या बहनों के साथ एक साथ कई घटनाएं होने कई बार देखा जाता है। क्या किसी जुडवां के जीवन साथी भी जुड़वां होते हैं? ऐसा ही एक अमेरिका की जुड़वां बहनों के साथ हुआ। जिनकी शादी ही नहीं, जिनसे प्यार भी हुआ वे भी जुड़वां ही निकले और फिर दोनों ने उनसे शादी भी एक ही दिन की। अब वे सभी मिल कर साथ-साथ रहते हैं। इस परिवार के सोशल मीडिया पर काफी फैन फॉलोइंग है। जुड़वां बहनों ब्रिटनी और ब्रियाना की मुलाक़ात जुड़वां भाइयों जोश और जेरेमी सैलियर्स से हुई और एक साथ शादी के बंधन में बंधने से पहले वे दोनों एक- दूसरे से प्यार करने लगीं।







अद्भुत

**ग्रामीणों के लिए तो लंबे समय से रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा**

# जादुई पत्थर ने मचाई धूम, दूध में डालते ही जम जाता है दही

एजेंसी ▶▶| जयपुर

राजस्थान के रेतीले धरती में कई अद्भुत रहस्य छुपे हुए हैं। लेकिन जैसलमेर से करीब 50 किलोमीटर दूर हाबूर गांव में मिलने वाला एक खास पत्थर इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। इस पत्थर का नाम 'हाबूर पत्थर' है और इसकी खासियत यह है कि इसे दूध में डालने पर दही जम जाता है। यह चमत्कारी पत्थर ग्रामीणों के लिए तो लंबे समय से रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा रहा ही है, लेकिन अब यह पत्थर जैसलमेर के बाजारों में भी पहुंच गया है और लोगों के बीच खास आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। जैसलमेर में इस पत्थर और इससे बनने वाले सामानों को बाजारों में बेचा जा रहा है और खासकर पर्यटक इस पत्थर के चमत्कारी गुण की वजह से इसकी तरफ आकर्षित हो रहे हैं।





## जैसलमेर के बाजारों की बढ़ा रहा रौनक

पहले यह पत्थर केवल जैसलमेर के स्थानीय लोगों तक ही सीमित थी, लेकिन अब इसे जैसलमेर के बाजारों में बेचा जाने लगा है। जैसलमेर में इस पत्थर के कटिंग के प्लांट लग चुके हैं। कलाकार इस पत्थर से बर्तन और घरेलू सजावट का सामान बनाने लगे हैं, जिसे व्यापारी खरीदकर जैसलमेर के बाजारों में महंगे दामों पर बेच रहे हैं। स्थानीय व्यापारी रामचंद्र के अनुसार, इस पत्थर की मांग धीरे-धीरे बढ़ रही है, क्योंकि लोग इसके चमत्कारी गुणों को जानने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं।



## पीढ़ियों से किया जा रहा है उपयोग

हाबूर पत्थर का उपयोग गांव में कई पीढ़ियों से किया जा रहा है। गांव के बुजुर्गों के अनुसार, इस पत्थर में एक ऐसा प्राकृतिक गुण है, जो दूध को जल्दी से दही में बदलने की क्षमता रखता है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए, तो इस पत्थर में एमिनो एसिड, फिनायल एलिनिया और रिफ्टाफेन टायरोसिन जैसे तत्व हो सकते हैं, जो दूध में प्राकृतिक किण्वन की प्रक्रिया को तेजी से बढ़ावा देते हैं। ग्रामीण इसे घरेलू उपाय के रूप में दही जमाने के लिए उपयोग करते हैं और इसकी चमत्कारी विशेषताओं की प्रशंसा करते नहीं थकते हैं।

## स्थानीय लोगों में लोकप्रिय

हाबूर पत्थर से बर्तन बनाने का चलन बढ़ने से जैसलमेर और उसके आसपास के गांवों के कारीगरों को भी रोजगार मिलने लगा है। ये कारीगर हाबूर पत्थर से किफायती और टिकाऊ बर्तन बनाते हैं, जिन्हें जैसलमेर घूमने आने वाले पर्यटक बड़ी संख्या में खरीद रहे हैं। इसके अलावा, स्थानीय लोगों के बीच भी यह पत्थर और इसके बर्तन काफी लोकप्रिय हो रहे हैं, जो इस क्षेत्र की हस्तशिल्प और संस्कृति को बढ़ावा देने का काम करेंगे। हालांकि, हाबूर पत्थर के चमत्कारी गुणों की चर्चा जोरों पर है, लेकिन इसके पीछे छिपे वैज्ञानिक कारणों की अभी तक पूरी तरह से पुष्टि नहीं हुई है। शोधकर्ताओं का मानना है कि इस पत्थर पर गहन अध्ययन की जरूरत है, ताकि इसके गुणों का पता लगाया जा सके और इसके उपयोग को और अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाया जा सके।




# उड़ती चमगादड़ सा लगता है ये ब्लैक बैट फ्लॉवर, समृद्धि का माना जाता है प्रतीक



ब्लैक बैट फ्लावर एक दुर्लभ और मनमोहक पौधा है। इसके आकर्षक काले फूल अपने अनोखे आकार के लिए जाने जाते हैं। यह अपने खास चमगादड़ जैसे स्वरूप के लिए ज्यादा मशहूर है। इसकी खेती करना चुनौतीपूर्ण है। रहस्यमय ब्लैक बैट फ्लावर, अपनी अनूठी संरचना और ऐतिहासिक अहमियत के साथ, वनस्पति विज्ञानियों और शोधकर्ताओं के लिए भी खास है।

ब्लैक बैट फ्लावर, जिसे वैज्ञानिक रूप से टैका चैंट्रीरी के नाम से जाना जाता है, एक आकर्षक और रहस्यमयी पौधा है जिसने प्रकृति प्रेमियों और बागवानों दोनों का ही ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। उड़ते हुए चमगादड़ की तरह दिखने वाले अपने आकर्षक रूप के साथ, यह विदेशी फूल किसी भी बगीचे या वनस्पति संग्रह में रहस्य और आकर्षण का पहलू जोड़ने का काम करता है। मजेदार बात ये है कि इसे ऊगाना आसान काम नहीं है।

**तस्वीर देखकर ही लोगों को होता है यकीन :** दक्षिण पूर्व एशिया के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों से पैदा होने वाला ब्लैक बैट फ्लावर गर्म और आर्द्र वातावरण में पनपता है। इसका अनूठे गहरे बैंगनी से काले फूलों और जटिल, चमगादड़ जैसे ब्रैक्ट्स को आभास देता हुआ लगता है। लोगों को यह उसकी तस्वीर देखकर ही यकीन होता है। क्या आप भी यकीन कर पाएंगे कि ब्लैक बैट फ्लावर को देखकर लगता है कि जैसे कोई चमगादड़ उड़ रहा है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com